Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, छत्तीसगढ़, तमिलनाडु, कर्नाटक

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 284 | बुधवार, 15 अक्टूबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

### राजस्थान के जैसलमेर में दर्दनाक हादसा

# चलती बस में लगी भीषण आग, 20 यात्रियों की मौत

**जैसलमेर।**



राजस्थान के जैसलमेर जिले में मंगलवार दोपहर एक चलती एसी बस में लगी भीषण आग ने भयावह रूप ले लिया। हादसे में अब तक 20 से अधिक यात्रियों की मौत हो गई है। कई लोग बस में ही जिंदा जल गए, जबकि कुछ ने खिड़कियां तोड़कर किसी तरह जान बचाई। बताया जा रहा है कि आग लगने के बाद बस का फाटक ही लॉक हो गया था, जिससे लोगों को बाहर निकलने का मौका ही नहीं मिला। बस में कुल 57 यात्री सवार थे।

हादसे के बाद 19 गंभीर रूप से झुलसे यात्रियों को जोधपुर रेफर किया गया था, जिनमें से अधिकांश की इलाज के दौरान मौत हो चुकी है। चार घायलों का इलाज जैसलमेर में जारी है और उनकी स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। स्थानीय पत्रकार राजेंद्र सिंह चौहान भी इस हादसे में जान गंवाने वालों में शामिल हैं। बताया जा रहा है कि बस जैसलमेर से जोधपुर की ओर जा रही थी, तभी रास्ते में अचानक एसी यूनिट में आग लग गई, जिसने देखते ही देखते पूरे वाहन को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना पर पहुंची दमकल टीमों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फिलहाल मौतों की आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है। घटना के बाद मुख्यमंत्री ने बुधवार को प्रस्तावित बिहार दौरा रद्द कर दिया है और राहत-बचाव की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। सीएमओ ने बताया कि जोधपुर लाए गए ज्यादातर 70 प्रतिशत से अधिक बर्न के मामले हैं। इनमें से अधिकांश की स्थिति अतिगंभीर थी। सीएमओ की तरफ गैर आधिकारिक रूप से यहां भी कई मौतों की बात कही गई है। ऐसे में यात्रियों की मौत का आंकड़ा 35 तक पहुंच सकता है। घटना में एक सेना के जवान महेंद्र, उनकी पत्नी और दो बच्चियों के भी बस में होने की सूचना आई है। महेंद्र जैसलमेर में गोला बारूद डिपो में पोस्टेड थे। सेना अब उनकी जानकारी जुटा रही है।

**57** यात्री सवार थे बस में कुल | **19** गंभीर रूप से झुलसे

### पीएम मोदी ने किया मुआवजे का एलान



बस हादसे को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि जैसलमेर में हुए एक हादसे में हुई जान–माल की हानि से व्यथित हूं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। उन्होंने आगे लिखा कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजनों को 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे।

## देश के दुश्मन पर होगा करारा प्रहार, 700 घातक मिसाइलें खरीदेगी वायुसेना



**नई दिल्ली।**

भारतीय वायुसेना ने लड़ाकू विमानों के लिए स्वदेशी निर्मित 700 अस्त्र मार्क2 मिसाइलें खरीदने की योजना बनाई है। ये मिसाइल हवा से हवा में मार कर सकती हैं।

इसे रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने तैयार किया है। संगठन ने इसकी रेंज बढ़ाकर 200 किलोमीटर से ज्यादा कर दी गई है। इन मिसाइलों को पाकिस्तान की पीएल-15 मिसाइलों का जवाब माना जा रहा है। इनकी मारक रेंज 145 किलोमीटर है। ये मिसाइलें चीन ने पाकिस्तान को दी हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान ने इन मिसाइलों का असफल प्रयोग किया था। निकट भविष्य में रक्षा मंत्रालय में चर्चा के लिए रखे गए विस्तृत विवरण के मुताबिक भारतीय वायुसेना इन मिसाइलों को सुखोई और लाइट कांबैट एयरक्राफ्ट के बेड़े में तैनात करेगी। पहले की योजना के मुताबिक डीआरडीओ ने इस मिसाइल की रेंज 160 किलोमीटर रखी थी, लेकिन इसे बढ़ाकर अब 200 किलोमीटर किया जा रहा है। भारत इस क्षेत्र में दृश्य सीमा से परे युद्ध में दबदबा कायम रखने के लिए स्वदेशी लंबी दूरी की हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलें विकसित कर रहा है। गौरतलब है कि अस्त्र मार्क1 मिसाइलों की रेंज 100 किलोमीटर है। इसमें एडवांस गाइडेंस एंड नेविगेशन सिस्टम लगा हुआ है।



## केरल में हिजाब पहनकर स्कूल जा सकेगी मुस्लिम छात्रा

**तिरुअनंतपुरम।**

केरल के शिक्षा मंत्री वी. शिवनकुट्टी ने मंगलवार को कोच्चि में ईसाई समुदाय द्वारा संचालित प्राइवेट स्कूल को निर्देश दिया कि वह मुस्लिम छात्रा को हिजाब पहनकर पढ़ाई जारी रखने दें।



स्कूल प्रशासन से इस मामले में रिपोर्ट भी मांगी गई है। शिवनकुट्टी ने यह निर्देश एनार्कुलम के शिक्षा उपनिदेशक द्वारा पेश रिपोर्ट के बाद जारी किया। जांच रिपोर्ट में पाया गया कि स्कूल की ओर से गंभीर चूक हुई है। पल्लुरुथी स्थित सेंट रीटा पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल ने आठवीं कक्षा की छात्रा के हिजाब पहनने को लेकर उसके अभिभावक के साथ विवाद बढ़ने के बाद सोमवार को दो दिन के लिए बंद कर दिया था। मामले का पता तब चला जब छुट्टियों की घोषणा करते हुए प्रिंसिपल सिस्टर हेलेना आरसी द्वारा जारी पत्र इंटरनेट मीडिया पर सामने आया।

## कर्नाटक में 'I Love RSS' अभियान शुरू

**नई दिल्ली।**

कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खरगे के पत्र के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने पर विचार कर रही कांग्रेस सरकार का विरोध करते हुए संघ समर्थकों ने मंगलवार को कर्नाटक के मांड्या जिले में 'आई लव आरएसएस' अभियान शुरू किया। स्वयंसेवकों ने हाथों में 'आई लव आरएसएस' लिखे पोस्टर लेकर नारे लगाए। उन्होंने सरकार की आलोचना करते हुए वाहनों और दुकानों पर भी पोस्टर लगाया।




मांड्या शहर के डाकघर के सामने पोस्टर अभियान को हरी झंडी दिखाई गई। पोस्टरों पर लिखा था कि जो लोग आरएसएस से प्रेम करते हैं, वे देश प्रेमी हैं। इस बीच एमएलसी सीटी रवि ने कहा कि मंत्री खरगे आरएसएस की आलोचना करके किसी तरह अपना कारोबार बनाए रखने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा विधायक एसआर विश्वनाथ ने कहा कि कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व ने उन्हें आरएसएस पर हमले करने की 'सुपारी' दी है। उन्होंने चेतावनी दी कि प्रियांक खरगे को सावधान रहना चाहिए। उन्हें आरएसएस के बारे में कुछ नहीं पता। यह संगठन इतना शक्तिशाली है कि उन्हें इसके परिणामों का अंदाजा भी नहीं होगा। प्रियांक खरगे ने सार्वजनिक स्थलों और स्कूल-कालेज परिसरों में आरएसएस की गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने के संबंध में मुख्यमंत्री सिद्दरमैया को एक पत्र लिखा था, जिससे विवाद खड़ा हो गया है। प्रियांक खरगे ने मंगलवार को कहा कि आरएसएस पर सवाल उठाने और सार्वजनिक स्थानों पर उसकी गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने की मांग करने पर उन्हें और उनके परिवार को पिछले दो दिनों से धमकियां और गालियां मिल रही हैं।

## कांग्रेस 60 और माले 19 सीटों पर हो सकती है राजी

**पटना।**

महागठबंधन के घटक दलों में दावे वाली सीटों की संख्या को लेकर विवाद बुधवार तक समाप्त हो जाएगा। सीटों की संख्या को लेकर विवाद राजद, कांग्रेस और वाम दलों के बीच था। कांग्रेस 60 के बदले 71 सीटों की मांग पर अड़ी हुई थी, लेकिन वह 60 पर राजी हो गई है। भाकपा माले को 19 सीटें दी गई हैं। उसे 30 सीटें चाहिए। भाकपा और माकपा भी अधिक सीटों की मांग कर रही हैं। विकासशील इंसान पार्टी अभी चुप है। पहले के हिसाब में उसके लिए 18 सीटें रखी गई थीं। वाम दलों की सीटें बढ़ी तो वीआईपी की सीटें कम हो जाएगी। कांग्रेस के एक प्रवक्ता ने दावा किया कि विवाद के मुद्दे सुलझ गए हैं। उम्मीद करते हैं कि बुधवार को सबकुछ घोषित हो जाएगा। इससे पहले कांग्रेस की नाराजगी का सम्मान करते हुए राजद ने सोमवार की रात जारी किए गए सिंबल वापस ले लिया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद ने सोमवार की रात एक दर्जन से अधिक उम्मीदवारों को सिंबल दे दिया था। उम्मीदवारों ने उसे इंटरनेट मीडिया प्लेटफॉर्म पर जारी कर दिया। कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व ने विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव से नाराजगी दर्ज कराई।


**महागठबंधन आज करेगा घोषणा!**

### राजनाथ सिंह ने संयुक्त राष्ट्र को लेकर कही ये बात

## 'कुछ देश खुलेआम अंतरराष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं'

**नई दिल्ली।**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संयुक्त राष्ट्र सैन्य योगदान वाले 32 देशों (यूएनटीसीसी) के प्रमुखों के सम्मेलन में मंगलवार को बगैर किसी देश का नाम लिए कहा कि कुछ देश खुले तौर पर अंतरराष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं, जबकि बहुत से ऐसे हैं जो अगली सदी में अपना वर्चस्व जमाने के लिए नए नियम गढ़ रहे हैं।



रक्षा मंत्री ने कहा, व्यापक सुधारों के बगैर संयुक्त राष्ट्र के सामने हमेशा भरोसे का संकट उन्होंने कहा कि भारत पुरानी पड़ चुकी अंतरराष्ट्रीय संरचनाओं में सुधार की वकालत करते हुए अंतरराष्ट्रीय नियम-आधारित व्यवस्था को कायम रखने में मजबूती से खड़ा है। उन्होंने कहा कि हम आज की चुनौतियों का सामना पुराने बहुपक्षीय ढांचों से नहीं कर सकते। व्यापक सुधारों के बिना संयुक्त राष्ट्र विश्वास के संकट का सामना कर रहा है। राजनाथ सिंह ने कहा कि आज की परस्पर जुड़ी दुनिया के लिए हमें एक सुधार वाले बहुपक्षवाद की आवश्यकता है। एक ऐसी व्यवस्था जो वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करे, सभी हितधारकों को अधिकार दे, समकालीन चुनौतियों का समाधान करे और मानव कल्याण पर ध्यान केंद्रित करे। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षक मिशन में भारत के योगदान का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के झंडे तले 180 भारतीय शांतिरक्षकों ने बलिदान दिया है।

## न्यायिक अधिकारियों के करियर में ठहराव के मुद्दों पर 28 अक्टूबर से सुनवाई

**नई दिल्ली।**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि पांच जजों की संविधान पीठ न्यायिक अधिकारियों के करियर में ठहराव के मुद्दे पर 28 अक्टूबर से सुनवाई करेगी। यह सुनवाई चीफ जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता में होगी, और इसका उद्देश्य न्याय प्रशासन की दक्षता में सुधार के लिए इस मामले पर एक स्थायी समाधान खोजना है। संविधान पीठ 28-29 अक्टूबर को इस मुद्दे पर भी सुनवाई करेगी कि क्या जिला जजों के कुछ पद एंट्री-लेवल के न्यायिक अधिकारियों की पदोन्नति के लिए आरक्षित होने चाहिए।



### भारतीय डाक विभाग डीडीपी प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए ग्राहकों से कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लेगा

## अमेरिका के लिए आज से डाक सेवाएं फिर शुरू करेगा भारत

**नई दिल्ली।**

अमेरिका के लिए डाक सेवाएं भारत फिर शुरू करेगा। डाक विभाग ने मंगलवार को घोषणा की कि अमेरिका के लिए सभी श्रेणियों की अंतरराष्ट्रीय डाक सेवाएं 15 अक्टूबर से पुनः शुरू हो जाएंगी। संचार मंत्रालय के डाक विभाग ने कहा कि यह कदम अमेरिकी सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा (सीबीपी) द्वारा जारी अपडेटेट नियमों का अनुपालन करने के लिए नए डिलीवरी ड्यूटी पेड (डीडीपी) तंत्र के सफल क्रियान्वयन के बाद उठाया गया है। नई प्रणाली के तहत अमेरिका भेजे जाने वाले




डाक शिपमेंट के लिए सभी सीमा शुल्क भारत में बुकिंग के समय ही वसूल कर लिए जाएंगे तथा सीधे अमेरिकी अधिकारियों को भेज दिए जाएंगे। भारत से अमेरिका के लिए डाक सेवाएं 22 अगस्त, 2025 को जारी कार्यालय ज्ञापन के माध्यम से निलंबित कर दी गई थीं। भारत ने यह कदम अमेरिकी प्रशासन द्वारा जारी कार्यकारी आदेश के कारण उठाया था, क्योंकि अमेरिकी सीमा शुल्क विभाग द्वारा जारी किए गए नए नियमों में स्पष्टता की कमी के कारण अमेरिका जाने वाले हवाई वाहकों ने शिपमेंट ले जाने से इनकार कर दिया था। डाक विभाग ने अब सेवाओं को फिर से शुरू करने की घोषणा की है। भारतीय डाक विभाग डीडीपी प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए ग्राहकों से कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लेगा। अंतरराष्ट्रीय डाक शुल्क अपरिवर्तित रहेंगे, जिससे एमएसएमई, कारीगरों, ई-कामर्स विक्रेताओं और छोटे व्यापारियों को सहूलियत होगी। डाक विभाग ग्राहकों पर कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लगाएगा। ईएमएस, एयर पार्सल, पंजीकृत पत्र या पैकेट, और ट्रैक किए गए पैकेट सहित अंतरराष्ट्रीय मेल की सभी श्रेणियां अब किसी भी डाकघर, अंतरराष्ट्रीय व्यापार केंद्र (आईबीसी), डाक घर निर्यात केंद्र (डीएनके) या भारतीय डाक स्वयं सेवा पोर्टल के माध्यम से अमेरिका के लिए बुक की जा सकती हैं।

**ग्राहकों पर नहीं लगेगा कोई अतिरिक्त शुल्क**

## संपादक की कलम से

# लालू परिवार की मुश्किलें



ललित शर्मा
संपादक

बिहार चुनाव तपने लगा था, उसी दौरान सीबीआई की विशेष अदालत ने पूर्व रेल मंत्री लालू यादव, पत्नी राबड़ी देवी, पुत्र एवं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव समेत 11 अन्य के खिलाफ आरोप तय कर दिए। अब चुनाव के दौरान ही 27 अक्तूबर से रोजाना अदालत सुनवाई करेगी, साक्ष्य पेश किए जाएंगे, बहस होगी और अंतिम चरण के मतदान 11 नवंबर से एक दिन पहले ही अदालत अपना अंतिम फैसला सुना सकती है। अर्थात लालू यादव और परिजनों को जेल भेजा जाएगा अथवा आरोप-मुक्त किया जाएगा। लालू पहले ही चारा घोटाले में, स्वास्थ्य के आधार पर, जमानत पर हैं। कई साल जेल की सजा भी काट चुके हैं। यह केस लालू यादव के रेलमंत्री कार्यकाल का है, जब केंद्र में कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार थी। लालू 2004-09 के दौरान केंद्रीय रेल मंत्री थे। लालू के उस दौर में जमीन के बदले नौकरियां दी गईं और भूमि के सस्ते हस्तांतरण के बदले आईआरसीटीसी होटल के घोटाले सामने आए। विशेष जज विशाल गोगने ने लालू यादव के आपराधिक साजिश का मुख्य सूत्रधार होने की आशंका जताई है। आपराधिक साजिश के अलावा, धोखाधड़ी, सार्वजनिक पद के दुरुपयोग और जनसेवक द्वारा आपराधिक दुराचरण की धाराओं में आरोप तय किए गए हैं। अदालत ने 244 पन्नों के फैसले में कहा है कि तत्कालीन रेलमंत्री लालू प्रसाद यादव ने सुजाता होटल, प्रेमचंद गुप्ता की पत्नी का होटल, के निदेशक विजय और विनय कोचर आदि के साथ मिलकर आपराधिक साजिश रची। रांची और पुरी के बीएनआर होटलों की उप-लीज के अनुबंधों में अनुचित लाभ दिए गए। बदले में कोचर बंधुओं ने पटना की कीमती जमीन लालू के करीबी, पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रेमचंद गुप्ता की कंपनी को बेची। वह कंपनी लालू परिवार के नियंत्रण में आ गई। कंपनी के शेयर तेजस्वी और राबड़ी देवी के नाम कर दिए गए। जमीन हस्तांतरण भी मामूली कीमत पर उनके नाम हो गया। जिस संपत्ति का बाजार-मूल्य 94 करोड़ रुपए था और सर्किल रेट ही 32 करोड़ रुपए से अधिक था, वह 65 लाख रुपए में ही तेजस्वी और राबड़ी देवी के नाम कर दी गई। तब तेजस्वी नाबालिग थे, लेकिन करोड़ों रुपए की कंपनी और संपत्ति के मालिक थे। अदालत में वे कह रहे थे कि वे निर्दोष हैं। तो करोड़ों रुपए का हस्तांतरण उनके नाम कैसे हो गया देश में किसी अन्य परिवार के साथ ऐसा क्यों नहीं हुआ अदालत का गंभीर संदेह है कि तत्कालीन रेलमंत्री ने टेंडर प्रक्रिया को भी प्रभावित किया। तेजस्वी यादव इस मामले को सियासी साजिश करार दे रहे हैं और लगातार लडे की हुंकार भर रहे हैं। भारत सरकार में रेल मंत्री लालू यादव थे, घोटाला परिवार में रचा गया, तो सियासी साजिश कौन करेगा यूपीए सरकार मई, 2014 तक रही। दरअसल यह घोटाला चक्रव्यूह की तरह है। आखिरी लाभार्थी लालू परिवार है। चुनाव के दौरान भ्रष्टाचार और आपराधिक साजिश के आरोप और अंतत: कटघरे में जाने की नौबत राजद और इंडिया गठबंधन के लिए करारा धक्का साबित हो सकता है। भाजपा-एनडीए लालू परिवार के खिलाफ धुआंधार प्रचार करेंगे और इस घोटाले को जंगल-राज तथा चारा घोटाले की अगली कड़ी कहेंगे। आरोप किसी राजनीतिक दल के नहीं हैं, बल्कि एक विशेष जज की अदालत में तय किए गए हैं, लिहाजा यह राजनीति करार नहीं दी जा सकती। अलबत्ता लालू परिवार इस अदालत के फैसले को उच्च न्यायालय में चुनौती जरूर दे सकता है। जमीन के बदले नौकरी घोटाले के किरदार लालू की बेटियां-मीसा भारती, हेमा यादव-भी हैं। दरअसल जांच एजेंसियों को लालू परिवार के आर्थिक संसाधनों की सम्यक जांच करनी चाहिए। राबड़ी देवी और बच्चों ने न तो अच्छी नौकरी की और न ही उद्योग स्थापित किए, लेकिन उनके पास फॉर्म हाउस, घर, संपत्तियां कहां से आईं कमोबेश देश को इस भ्रष्ट चक्रव्यूह की जानकारी मिलनी चाहिए। सबसे संवेदनशील मामला तो तेजस्वी के लिए है। यदि अदालत ने उन्हें दो साल या अधिक की सजा सुना दी, तो उनका राजनीतिक करियर ही खत्म हो जाएगा, क्योंकि वह चुनाव लडे या किसी सरकारी पद पर रहने के योग्य ही नहीं रहेंगे।

# वैश्विक कूटनीति का चातुर्य काल, मोदी डॉक्ट्रिन से मजबूत हुआ भारत


*भारत की संप्रभुता के खिलाफ किसी भी कार्रवाई पर तत्काल और कठोर जवाब दिया जाता है। किसी भी तरह के परमाणु युद्ध या जमीनी युद्ध के डर से भारत पीछे नहीं हटता; बल्कि भारत अपनी शर्तों पर कार्रवाई करता है। वैश्विक कूटनीति के चातुर्य काल का तात्पर्य उस दौर से है जब विश्व के देशों के बीच कूटनीति (राजनय) और अंतरराष्ट्रीय संबंधों में निपुणता, समझदारी और रणनीतिक कुशलता अत्यधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। इस काल में देशों को सीमाओं के पार जटिल राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक संदर्भों में अपने हितों की रक्षा और विस्तार के लिए सूझ-बूझ, संतुलन, संवाद, और मध्यस्थता करनी पड़ती है। 21वीं सदी में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वैश्विक कूटनीति के चातुर्य काल के अधिष्ठाता समझे जाते हैं। उन्होंने समकालीन विश्व को जो कूटनीतिक संदेश दिया है, वह ।मोदी डॉक्ट्रिन यानी मोदी सिद्धांत के नाम से मशहूर है। कहना न होगा कि अंतरराष्ट्रीय कूटनीति का यह काल वैश्विक सत्ता संघर्ष, क्षेत्रीय विवाद, आर्थिक साझेदारी, तकनीकी और आर्थिक सहयोग तथा बहुपक्षीय कूटनीतिक पहलों के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय माहौल को स्थिर और सकारात्मक बनाए रखने के लिए दक्षता और चतुराई की आवश्यकता पर जोर देता है। उदाहरण के रूप में, भारत की हाल की विदेश नीति में अमेरिका-चीन प्रतिद्वंद्विता, मध्य पूर्व संघर्ष, रूस-यूक्रेन युद्ध जैसे वैश्विक तनावों के बीच तटस्थता और संतुलन बनाए रखने की रणनीति, और क्षेत्रीय सहयोग जैसे क्वाड पहल शामिल हैं, जो वैश्विक कूटनीति के चातुर्य काल की एक झलक हैं।*

निःसन्देह, इस काल में कूटनीतिक क्रियाकलाप बिना बल प्रयोग के अपने राष्ट्रों के योगदान और सुरक्षा सुनिश्चित करने पर केंद्रीत होते हैं। इसलिए, वैश्विक कूटनीति के चातुर्य काल का मतलब समग्र वैश्विक वातावरण में सूझ-बूझ और सामंजस्यपूर्ण कूटनीतिक प्रयासों के माध्यम से अपने और वैश्विक हितों को संतुलित और सुरक्षित रूप से आगे बढ़ाने की क्षमता को कह सकते हैं। यह मोदी डॉक्ट्रिन यानी मोदी सिद्धांत से प्रभावित है। दरअसल, मोदी डॉक्ट्रिन का मतलब है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वह नीति-संहिता, जिसमें भारत अपनी विदेश नीति, सुरक्षा नीति और आतंकवाद के खिलाफ रणनीति में पहले से काफी ज्यादा आक्रामक, आत्मनिर्भर और सक्रिय हो गया है। इस सिद्धांत के तहत भारत हर अंतरराष्ट्रीय मसले में 'भारत के हित' को सर्वोपरि रखता है। भारत अब किसी एक गुट का हिस्सा नहीं बनता, बल्कि सभी देशों से कूटनीतिक संबंध मजबूत करता है। भारत 'मल्टी-अलाइनमेंट' को प्रोत्साहित करता है, ताकि उसकी रणनीतिक स्वतंत्रता बनी रहे। लिहाजा, 'मेक इन इंडिया' और आर्थिक-तकनीकी आत्मनिर्भरता का भी इसमें खास महत्व है। मोदी डॉक्ट्रिन के अनुसार, भारत अब आतंकवाद के खिलाफ सिर्फ डिफेंसिव नहीं, बल्कि आक्रामक रणनीति अपनाता है। सर्जिकल स्ट्राइक, बालाकोट एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर जैसी कार्रवाइयों ने यह दिखाया है कि भारत अब अपनी सुरक्षा के लिए सीमा-पार कार्रवाई करने से नहीं डरता। अब भारत आतंकवादियों के खिलाफ डोजियर भेजने की नीति को छोड़कर, सीधे सैन्य दबाव बनाता है। भारत की संप्रभुता के खिलाफ किसी भी कार्रवाई पर तत्काल और कठोर जवाब दिया जाता है। किसी भी तरह के परमाणु युद्ध या जमीनी युद्ध के डर से भारत पीछे नहीं हटता; बल्कि भारत अपनी शर्तों पर कार्रवाई करता है। भारत की मजबूत स्थिति का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि पाकिस्तान के ऊपर परोक्ष रूप से चीनी/अमेरिकी हाथ होने के बावजूद भारत ने उसके छक्के छुड़ा दिया और युद्धोंमत पाकिस्तान को भारत के समक्ष घुटने टेकने व गिड़गिड़ाने को मजबूर कर दिया। भारतीय संस्कृति, सभ्यता और योग जैसे वैश्विक अभियान भी इसी नीति का हिस्सा हैं। मोदी डॉक्ट्रिन का मतलब है- निर्णायक, निर्भीक, आक्रामक, बहुपक्षीय, आत्मनिर्भर और भारत-हित केंद्रित नीति, जिससे भारत वैश्विक मंच पर ज्यादा शक्तिशाली स्थिति में पहुंचा है। मसलन, आधुनिक संकटों में चातुर्य काल की अवधारणा को लागू करने का मतलब है जीवन में अनुशासन, संयम, और सूझ-बूझ के साथ संकटों का सामना करना। चातुर्य काल में आत्मसंयम, भक्ति, सामाजिक नियमों का पालन, और मानसिक संतुलन बनाए रखना महत्वपूर्ण होता है। इसी प्रकार, आधुनिक संकटों में- जैसे आर्थिक संकट, पर्यावरणीय समस्याएं, सामाजिक अस्थिरता या वैश्विक तनाव- इन गुणों का पालन करके स्थिरता और समाधान की दिशा में काम किया जा सकता है। चातुर्य काल की तरह, जब हम सीमित संसाधनों में संयमित और विवेकपूर्ण निर्णय लेते हैं, अपने जीवन में नियम और संतुलन बनाए रखते हैं, तो कठिनाइयों का सामना करना आसान हो जाता है। जैसे पारंपरिक चातुर्मास में व्रत और तपस्या से मन की शांति और अनुशासन मिलता है, वैसे ही आधुनिक संकटों में धैर्य, समझदारी, और संतुलित दृष्टिकोण अपनाना आवश्यक है। इसका अर्थ है कि जब बाहरी परिस्थितियाँ अनिश्चित या कठिन हों, तब भी आंतरिक स्थिरता, नैतिकता, और सामाजिक जिम्मेदारी बनाए रखते हुए समाधान खोजने का प्रयास करना। आधुनिक दुनिया में यह वैश्विक कूटनीति, पर्यावरण संरक्षण, आर्थिक नीति, और सामाजिक सौहार्द जैसे क्षेत्रों में लागू किया जा सकता है, जहां सरल जीवन और विवेकपूर्ण कूटनीति से संकट प्रबंधन संभव होता है। वाकई वैश्विक कूटनीति के 'चातुर्य काल' के बाबत भारत के प्रधानमंत्री मोदी सिद्धांत को इस अद्भुत 'चातुर्य काल' का श्रेय देना ज्यादा उपयुक्त होगा, क्योंकि समकालीन विश्व में चाहे अमेरिका हो, चीन हो, रूस हो, यूरोपीय संघ हो, या अरब देश हों, सभी भारत के युगांतरकारी गुटनिरपेक्ष कूटनीति की मुखापेक्षी बने हुए हैं। चाहे ऑस्ट्रेलिया हो, अफ्रीकी देश हों या दक्षिण अमेरिकी देश, लगभग सभी भारत की तरह संतुलित राह पर अग्रसर रहना चाह रहे हैं। भारत की बढ़ती प्रगति और मजबूत होते आर्थिक व सैन्य सामर्थ्य से उनकी परिवर्तित निष्ठा भी स्वाभाविक है। चूंकि दुनिया के अधिकांश देश रूढ़िवादी/अनुदार देश हैं, इसलिए वो देश भारत की जनापेक्षी मौलिक नीतियों की नकल भी सही तरीके से नहीं कर पा रहे हैं। इसलिए इसको नख से सिख तक समझना हरेक भारतीय के लिए बहुत जरूरी है। सच कहूं तो शांतिपूर्ण विकास व सहअस्तित्व का सिद्धांत ही मोदी प्रशासन का एकमात्र ध्येय है। लेकिन इससे हथियार व गोली-बारूद निमार्ता षड्यंत्रकारी पश्चिमी-पूर्वी देशों की अर्थव्यवस्था चरमराने लगी है। कहना न होगा कि पश्चिमी देश भले ही लोकतंत्र व शांति की माला जपते हैं, लेकिन पर्दे के पीछे से अशांति पैदा करने के लिए आतंकवाद, नक्सलवाद और अंडरवर्ल्ड के गुप्त संरक्षक भी यही हैं ताकि इनके हथियार व गोली बारूद का कारोबार चमकता रहे। इनके नशे और आपराधिक गोरखधंधे का तस्करी नेटवर्क खूब फल-फुले। इससे चिकित्सा व सुरक्षा उपकरणों की बिक्री भी खूब बढ़ती है। क्रिप्टो करेंसी व हवाला की आड़ में ये पूरी दुनिया को अस्थिर व असुरक्षित बनाये हुए हैं। हालांकि, जब दुनिया के विभिन्न देशों की समझदारी बढ़ी व पूंजीवादी कब्जे तथा लाभ के एकसमान बंटवारे की बात उठी तो उनमें परस्पर होड़ मच गई। फिर इन्होंने क्षेत्र व धर्म के नाम पर इनकी पारस्परिक गोलबंदी बढ़ी। जहां एक ओर ईसाई व यहूदी देश एक हुए, वहीं दूसरी ओर मुस्लिम देश भी परस्पर एक हुए। इससे तीसरी ओर भी जागरूकता बढ़ी और विश्व के हिन्दू-बौद्ध-सिख-जैन धर्म आदि धर्मों से प्रभावित देश भी एकजूट होने के लिए सोचने लगे और भारत-चीन जैसे सामर्थ्यवान देशों ने अपने अंतर्विरोधों को पाटने को सतर्क हो गए। यदि पुरानी प्रतिद्वंद्विता की बात छोड़ भी दें तो मौजूदा दौर में जी-7, जी-20 बनाम ब्रिक्स व ग्लोबल साउथ के देशों में जो स्वहित साधन की होड़ मची हुई है, उसका ध्येय भी लगभग यही है। इसलिए कोई अमेरिकी छतरी तले जा रहा है तो कोई उसे उतारकर फेंक रहा है। कोई चीनी छतरी में जाने को बेताब है तो कोई इससे परहेज कर रहा है। इससे रूस व भारत की वैश्विक साख पुनः चमक उठी है। दुनियावी देश इनकी वस्तुनिष्ठ नीतियों पर फिदा हुए हैं। इससे परेशान अमेरिका-यूरोप के द्वारा जहां रूस के विरोधी यूक्रेन को भड़काकर रूस पर निरंतर हमलावर बना दिया गया है, वहीं भारत के खिलाफ पाकिस्तान/बंगलादेश को अक्सर सहयोग देकर खड़ा कर दिया जाता है। उधर, सम्भावित रूस, भारत, चीन गठजोड़ को कमजोर करने के लिहाज से तीसरे प्रमुख देश चीन के खिलाफ भी कभी ताइवान को भड़काया जाता है तो कभी तिब्बत के मसले की हवा दी जाती है। कभी चीन के शिनजियांग प्रान्त के मुस्लिम उत्पीड़न को उभारने की कोशिश की जाती है।

**भारत चीन जैसे सामर्थ्यवान देशों ने अपने अंतर्विरोधों को पाटने को सतर्क हो गए**



# जैतून और टी ट्री ऑयल का जादुई नुस्खा, कान दर्द-खुजली को कहें अलविदा!



ज्यादातर लोग कानों के दर्द या खुजली से परेशान रहते हैं। अगर आप भी इस समस्या परेशान हैं, तो डील बिल्कुल भी ना छोड़ें। आप जैतून का तेल या फिर टी ट्री ऑयल को कान में डाल सकते हैं। इससे आपको काफी आराम मिलेगा। अक्सर कानों में घंटों तक इयरफोन लगाने से या फिर लंबे-लंबे समय तक फोन पर बातें करने से कानों में दर्द या खुजली की समस्या बढ़ जाती है। कई बार गंदे हाथ लगाने से इन्फेक्शन की समस्या उत्पन्न हो जाती है। अगर आप जैतून का तेल और टी ट्री ऑयल का इस्तेमाल करने से कान दर्द या खुजली की समस्या हो सकती है। इस उपाय के करने से आपके कानों को आराम मिलेगा दर्द और खुजली की हो जाएगी छुट्टी।

**जैतून का तेल:** जैतून के तेल में एंटी इंफ्लेमेटरी गुण मौजूद हो जाते हैं। यह तेल सूजन को कम करने में मददगार साबित होता है। आप जैतून के तेल को एक छोटी-सी कटोरी में लेकर हल्का गुनगुना करने के लिए इसे गैस पर ना रखें बल्कि गर्म पानी में कुछ देर के लिए जैतून तेल को बॉटल समेत रख दें। यह गुनगुना हो जाएगा। अब आप तेल की 2-3 बूंदें कानों में ड्रॉपर की मदद से डालें। कान में तेल डालने के बाद आप 5 से 10 मिनट के लिए लेटे रहें ताकि तेल अच्छे से कानों के अंदर पहुंच जाए। 10 मिनट बाद दूसरे कान तेल डाल दें।

**टी ट्री ऑयल:** टी ट्री ऑयल में एंटीफंगल, एंटीसेप्टिक और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं। इस ऑयल के इस्तेमाल से कान में आई सूजन को कम करता है। इस बात का ध्यान रखें कि टी ट्री ऑयल काफी तेज होता है, इस तेल को किसी अन्य तेल के साथ मिलाकर ही इस्तेमाल करें। आप चाहे तो इसे बादाम का तेल या फिर जैतून के तेल को हल्का गुनगुना करके इसमें 2 या 3 बूंद टी ट्री ऑयल मिला लें। मिश्रण को मिक्स करके कलाई पर पहले पैच टेस्ट कर लें ताकि कोई एलर्जी की समस्या तो नहीं हो रही है। इसके बाद आप ड्रॉपर की मदद से कान में डालें। कान में तेल डालने के बाद आप 5 से 10 मिनट के लिए लेटे रहें ताकि तेल अच्छे से कानों के अंदर पहुंच जाए। 10 मिनट बाद दूसरे कान तेल डाल दें।

### जरुरी सावधानी बरतें

- आपके कान में दर्द या खुजली 48 घंटे से ज्यादा हो रही है तो इसके पीछे कोई अन्य कारण भी हो सकते हैं। ऐसे में आप एक्सपर्ट की सलाह जरुर लें।
- इस बात का ध्यान रखें कि तेल को तेज गर्म नहीं करना है। जिससे कान में अंदरुनी हिस्सों को नुकसान पहुंच सकता है।
- भूलकर भी टी ट्री ऑयल को सीधा कानों में न डालें। इसके कारण आपको जलन भी हो सकती है।
- कान का मैल निकालने के लिए किसी नुकीली चीज का इस्तेमाल न करें। ऐसा करने से दर्द का कारण बन जाता है।

# इस दिवाली दिखना है सबसे 'हटके' और स्टाइलिश ट्राई करें ये 5 ट्रेंडी कुर्ती डिजाइन!

यह दिवाली आर्टिकल ट्रेंडी और खूबसूरत डिजाइनर कुर्तियों के माध्यम से आपके फेस्टिव लुक को निखारने पर केंद्रित है। इसमें बताया गया है कि कैसे शॉर्ट कुर्तियां, डबल लेयर एस्मेट्रिक और लूज फिट कुर्ते आपको इस त्योहारी सीजन में कमाल का लुक दे सकते हैं।

सालभर दिवाली का त्योहार आता है। इस फेस्टिवल का इंतजार लोग काफी लंबे समय से करते हैं।

त्योहार नजदीक आने पर हर घर में तैयारियां शुरू हो जाती है। ऐसे में दिवाली पर तैयार होकर नए कपड़े पहनकर एक अलग ही मजा आता है। अगर आप ट्रेंडी र हटके लुक चाहती हैं तो एक मौके पर ये शार्ट कुर्ती पहन सकती हैं। यह आपके लुक काफी एन्हांस करेंगे। क्लासी दिखने के लिए आप ये कुर्ती जरुर वियर करें।

**लूज कुर्ता विद ए लाइन:** इन दिनों लूज कुर्ता पहनने का ट्रेंड काफी चल रहा है। ऐसे में आप शार्ट लेंथ के साथ लूज स्लीव और साथ में लूज पैट डिजाइन वाला कुर्ता पहन सकती हैं। ह लुक दिवाली सेलिब्रेशन में बेहद सुंदर दिखेगा।

**डबल लेयर एस्मेट्रिक कुर्ती:** आप दिवाली पर फ्लेयर पलाजो पैंट के साथ डबल लेयर वाले एस्मेट्रिक डिजाइन के कुर्ते पहन सकते हैं। यह कुर्ता लुक दिवाली पार्टी से लेकर दिवाली पूजा के लिए भी बेस्ट रहेगा।

**शार्ट कुर्ती विद स्कर्ट:** दिवाली पर जरा हटके दिखने के लिए शॉर्ट कुर्ती विद स्कर्ट बेहद सुंदर लगेगी। इसे आप पलाजो या फिर स्कर्ट के साथ पेयर कर सकते हैं। यह कुर्ती आपको क्लासी लुक देगी।

**बांधनी प्रिंट शॉर्ट कुर्ता पैंट:** आजकल बांधनी प्रिंट को काफी पसंद किया जा रहा है। आप भी दिवाली पर चार चांद लगाने के लिए बांधनी प्रिंट फारसी डिजाइन वाले पायजामे के साथ शार्ट कुर्ती का ये लुक जरुर ट्राई करें। इस आउटफिट देखकर सब आपकी तारीफ करेंगे।

**प्लेन कुर्ता विद एंब्रायडरी पैंट:** अगर आप सिंपल और क्लासी दिखना चाहती हैं, तो आप प्लेन डिजाइन वाले शॉर्ट लूज फिटेड कुर्ते के साथ एंब्रायडरी डिजाइन और पैटर्न वाले पैंट स्टाइल बॉटम को वियर कर सकती हैं। आपके लुक को देखकर लोग दीवाने हो जाएंगे।



## उदय किशोर साह



## प्रेम ने जख्म हर बार दिया

कविता

मेरे नस नस में समाई है ये तन्हाई
हाँ मैंने तन्हा जीवन से है प्यार किया
जग में बजने दो कहीं भी शहनाई
मैंने तन्हा का सोलह श्रृंगार किया

जब बेवफा बन गई जग में हुस्न वाले
तन्हा ने बाँहों का हमें हार हर बार दिया
इनकी काली घनी जुल्फों ने आगे बढ़
जीवन जीने का एक नई संसार दिया

तन्हा के माथे पे सजाई मैंने लाल बिन्दी
दुल्हन की जोड़े में लिपटी हर यार जिया
घुंघट में समट कर वो बैठी छुई मुई
काली अमावश रात को अंगीकार किया

हँसती है ये दुनियाँ हम पर तो हँसने दे ना
हम ने कब किसी की खुशियों पर वार किया
हॉ गम को भुलाने कम करने हेतु कलबरिया में
मेरे होठों ने जाम को हर शाम स्वीकार किया

बन्द करो अब प्यार का जालिम ये तराना
इसने कितनों को हर युग में बरबाद है किया
मत करना जग वाले बेवफा हुस्न से प्यार
जिसने हर दिल को जख्म हर बार दिया

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# विभिन्न खाद्य पदार्थो के 04 नमूनें जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गये



**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

**रामपुर।** जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह के निर्देश पर दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज पर्व के दृष्टिगत खाद्य पदार्थों में मिलावट पर प्रभावी रोकथाम हेतु सहायक आयुक्त (खाद्य)/अभिहित अधिकारी सुनील कुमार शर्मा एवं उनकी टीम द्वारा विशेष छापामार अभियान चलाया गया।

अभियान में पीपलगांव, भोट स्थित आलिम स्वीटस मोहम्द आलिम पुत्र श्री रईस अहमद से छेना रसगुल्ला तथा बूंदी का लड्डू का 01-01 नमूना लिया गया और लगभग 15 कि०ग्रा० दूषित छेना रसगुल्ला (अनुमानित कीमत 2100 रुपये) को नष्ट कराया गया। खोद रोड थूनापुर स्थित रसूल स्वीटस हाउस रसूल अहमद पुत्र श्री मौ० अहमद से छेना, रसगुल्ला तथा बर्फी का 01-01 नमूना लिया गया तथा लगभग 88 किग्रा० छेना रसगुल्ला (अनुमानित कीमत 9680 रुपये) एवं लगभग 27 किग्रा० बर्फी (अनुमानित कीमत 3240 रुपये) को नष्ट किया गया और स्वच्छता से संबंधित कामियों में सुधार हेतु इम्प्रूवमेंट नोटिस जारी किया जा रहा है।इस प्रकार विभिन्न खाद्य पदार्थों के कुल 04 विधिक नमूनें संग्रहीत करके जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गये और मौके पर अस्वच्छकर एवं दूषित स्थिति में रखी गयी लगभग 130 किग्रा० बदबूदार मिठाई नष्ट करायी गयी। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त मिलावट की प्रकृति के अनुरूप सुसंगत धाराओं में वाद योजित किये जायेगे। सचल दल में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरेन्द्र सिंह कुशवाहा, खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण अशोक कुमार, राहुल शुक्ला, रामचन्द्र यादव, शहाबुद्दीन दोस्त, धर्मपाल सिंह, देवकान्त, मनोज कुमार, उपस्थित रहे।

## ग्रह कलेश में फांसी लगा मौत को गले लगाया

**बुगरासी।** चौकी क्षेत्र के गांव जलालपुर में पत्नी से कहा सुनी होने पर पेड पर रस्सी बांधकर फांसी लगाकर मौत को गले लगाया। जानकारी के अनुसार जलालपुर निवासी रामेश्वर पुत्र दिवानसिह 50वर्ष की किसी बात को लेकर पत्नी से कहासुनी हो गई तो मंगलवार की सुबह उठकर शेरपुर गांव के रास्ते पर आम के बाग में जाकर पेड से रस्सी से फंदा बना लटक गया और मौत को गले लगा लिया। सूचना पाकर मौके पर पहुची बुगरासी पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। गांव में शोक व्याप्त हैं। समाचार लिखे जाने तक शव गांव में नही पहुंचा था।



## मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिला सुरक्षा के लिए सरकार के प्रयास जारी



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**चांदपुर :** गुलाब सिंह हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय चांदपुर बिजनौर राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र एवं छात्रा इकाई के संयुक्त तत्वाधान मे कार्यक्रम अधिकारी मोहम्मद आरिफ और डॉ उदिता राजपूत के निर्देशन में मिशन शक्ति 5.0 के तहत ₹महिला सुरक्षा के लिए सरकार के प्रयास₹ विषय पर एक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ प्रदीप कुमार तालान ने अपने विचार व्यक्त करते हुए छात्र-छात्राओं को समझाया कि सरकार निरन्तर महिलाओं की सुरक्षा के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित कराती है और साथ ही सरकार ने आपातकाल में महिलाओं की मदद के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर साधना ने महिलाओं को जागरूक होने और सुरक्षा संबंधी हेल्पलाइन नंबर को प्रयोग करने से संबंधित जानकारी दी तथा सरकार की इन नीतियों की प्रशंसा की। कार्यक्रम में महाविद्यालय का अधिकांश स्टाफ उपस्थित रहा और कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी का सराहनीय योगदान रहा।

## जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने गोल्फ प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को किया सम्मानित




**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

**रामपुर।** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र के साथ रामपुर शहर स्थित केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, समूह केंद्र पहुंचकर गोल्फ कोर्स में आयोजित मन्थली मेडेल राउण्ड-2025 गोल्फ प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ न केवल खेल एवं शारीरिक दक्षता को बढ़ावा देती हैं, बल्कि आपसी सहयोग, टीम भावना एवं अनुशासन के गुणों को भी सुदृढ़ करती हैं।

उन्होंने उपस्थित अधिकारियों एवं प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं, जो मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य को सशक्त बनाते हैं। इस अवसर पर मुख्य आयोजक पुलिस उपमहानिरीक्षक, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, समूह केंद्र रामपुर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी, प्रतियोगिता के प्रतिभागी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मेला श्री बटेश्वरनाथ-2025 के आयोजन के तैयारियों हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक हुई सम्पन्न

**वेलकम इंडिया**

**आगरा-** जिलाधिकारी अरविन्द मल्लप्पा बंगारी की अध्यक्षता में मेला श्री बटेश्वरनाथ-2025 के आयोजन के तैयारियों हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी महोदय ने जिला पंचायत, विद्युत विभाग, पंचायती राज विभाग, नगर विकास, परिवहन विभाग, पुलिस प्रशासन, अग्निशमन इत्यादि विभागों के साथ मेला श्री बटेश्वरनाथ-2025 की तैयारियों की समीक्षा की। आरएम रोडवेज को निर्देशित किया कि मेला श्री बटेश्वरनाथ में पर्याप्त मात्रा में रोडवेज बसों का संचालन करने, विद्युत विभाग द्वारा मेला स्थल पर सुचारू विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने, पंचायती राज व नगर विकास विभाग को मेला स्थल पर उच्च स्तर की साफ-सफाई व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

बैठक में अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत आगरा ने बताया कि मेला श्री बटेश्वरनाथ-2025 18 अक्टूबर से 09 नवम्बर 2025 तक चलेगा, जिसमें दिनांक 18.10.2025 दिन शनिवार को मेला उदघाटन, दीपोत्सव व पशु रजिस्ट्रेशन, दिनांक 19 अक्टूबर से 22 अक्टूबर 2025 तक पशु रजिस्ट्रेशन, 23 व 24 अक्टूबर को मेले की दुकानों का



आवंटन, 25 अक्टूबर को टी-20 क्रिकेट मयूर नृत्य/रामलीला/रासलीला/दुकानों की निलामी, 26 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक टी-20 क्रिकेट कबड्डी/रामलीला/रासलीला, 01 नवम्बर से 03 नवम्बर 2025 तक बालीबाल /लम्बी कूद/रामलीला/ रासलीला, बालीबाल/भजन गायन/रामलीला/रासलीला, 04 नवम्बर को कबड्डी/कवि सम्मेलन मयूर नृत्य/रामलीला/रासलीला, 05 व 06 नवम्बर को मयूर नृत्य/रामलीला/रासलीला, 07 नवम्बर को मैराथन दौड़/रामलीला/रासलीला, 08 नवम्बर को लम्बी कूद/बालिका दौड़/रामलीला/रासलीला तथा दिनांक 09 नवम्बर 2025 को कुश्ती दंगल व मेला का विधिवत समापन किया जायेगा।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती प्रतिभा सिंह, एडीएम वित्त व राजस्व श्रीमती शुभांगी शुक्ला, एडीएम प्रशासन आजाद भगत सिंह, एडीएम (प्रो0) प्रशान्त तिवारी, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत उमेश चन्द्र, उप जिला मजिस्ट्रेट बाह संतोष शुक्ला सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## नमो भारत सेवा के परिचालन के दो सफल वर्ष पूरे, एनसीआरटीसी ने मनाया नमो भारत दिवस

**उज्जवल रस्तौगी**




एनसीआरटीसी ने नमो भारत के परिचालन के दो सफल वर्ष पूरे होने के अवसर पर दिल्ली स्थित भारत मंडपम में सोमवार को नमो भारत दिवस समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर माननीय श्री तोखन साहू, आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में श्री श्रीनिवास कटिकिथला, सचिव, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय भी उपस्थित थे। एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक श्री शलभ गोयल ने निदेशक मंडल एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर माननीय राज्य मंत्री श्री तोखन साहू ने नमो भारत की नई सिग्नेचर ट्यून का लांच कर भारत की पहली सेमी हाई स्पीड रीजनल रेल को एक विशिष्ट संगीतमयी पहचान प्रदान की। भारतीय शास्त्रीय संगीत की समृद्धता और आधुनिक पश्चिमी संगीत के सामंजस्य का अद्भुत मिश्रण यह सिग्नेचर ट्यून, नमो भारत की सटीक तस्वीर पेश करती है; जिसमें भारत की परंपरा और स्वदेशी भावना भी है और आधुनिकता और भविष्योन्मुखता भी। इस अवसर पर एक फिल्म के माध्यम से एनसीआरटीसी और नमो भारत की पिछले दो वर्षों की उल्लेखनीय यात्रा, यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाने तथा पर्यावरणीय और वित्तीय स्थिरता की दिशा में उठाए गए कदम तथा प्रमुख उपलब्धियों को भी दर्शकों के साथ साझा किया गया।

## गिफ्ट सेंटर और श्रंगार गोदाम में लगी आगसे हुआ लाखों का नुकसान

**वेलकम इंडिया**

**कपकोट** ,तनुज तिरूवा ,कपकोट बाजार में एक गिफ्ट सेंटर और श्रंगार गोदाम में अचानक आग लगने से गोदाम में रखा लाखों का सामान जलकर राख हो गया।आग लगने से आसपास अफरा तफरी मच गई।देखते ही आग भयावह हो गई।जिसके बाद आसपास मौजूद लोगों और अन्य दुकानदारों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया।पर आग भयावह होकर फैलने लगी।जिसके बाद इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई।जहां कड़ी मसक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया।गनीमत रही कि समय रहते आग को अन्य दुकानों तक फैलने से रोक लिया गया।कपकोट बाजार में दोपहर में पुराने ग्रामीण बैंक



के समीप दरवान सिंह का गिफ्ट सेंटर एवं श्रृंगार के सामान का गोदाम था। जिसमें बच्चों की साइकिल, गिफ्ट सामाग्री, शादियों का रखा सामान था। गोदाम के मालिक दरवान सिंह ने बताया कि उनकी दुकान गोदाम से लगभग 30 मीटर की ही दूरी पर है अचानक गोदाम के कमरे से धुआं आते दिखाई दिया जिसके बाद गोदाम के कमरे में आग लगी थी। आनन फानन में लोग वहां एकत्र हुए वहीं फायर विभाग को इसकी सूचना दी गई। मौके पर दमकल विभाग कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल आग पर काबू पाने के लिए अभियान चलाया। फायर विभाग के एफएसओ दिनेश चंद्र पाठक ने बताया कि जैसे ही उन्हें सूचना मिली वो अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे ।पर आग प्लास्टिक सामग्री होने से भयावह हो गई थी।जिसे फायर कर्मियों ने कड़ी मस्कक्क्त के बाद आग को फैलने से रोका।जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया।आगमी दीपावली पर्व को देखते हुए सभी व्यवसायों को दुकानों में अग्नि शमन यंत्र रखने के निर्देश दिए गए थे।

## अंतरराष्ट्रीय कुक्कीवोन प्रतियोगिता में बागेश्वर के खिलाड़ियों का दबदबा



**वेलकम इंडिया**

बागेश्वर, गोविन्द मेहता,बागेश्वर के खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय कुक्कीवोन प्रतियोगितामें बेहतरीन प्रदर्शन कर जिले, राज्य और देश का नाम रोशन किया है। राजधानी दिल्ली में हुई इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में हृदयांश एकेडमी के 10 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनमें से पांच खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा से पदक जीतकर जिला और प्रदेश का नाम रोशन किया है।इसमें से एक स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य पदक शामिल हैं।कोच किशोर कुमार ने बताया कि प्रियांशु कार्की ने स्वर्ण पदक,हितांश उपाध्याय ने रजत पदक जबकि आराध्या, अनमोल और विशाल कांस्य पदक ने जीते। प्रतियोगिता में दक्षिण कोरिया, जापान, फ्रांस, थाईलैंड, नेपाल, भूटान, श्रीलंका और भारत सहित 20 से अधिक देशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें कनिष्ठ और वरिष्ठ वर्गों में विभिन्न भार वर्गों की प्रतिस्पधाएँ हुईं।जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर जिपं अध्यक्ष शोभा आर्या, क्षेत्रीय विधायक पार्वती दास, कपकोट विधायक सुरेश गढ़िया,पूर्व कैबिनेट मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल, जिलाधिकारी आकांक्षा कोड़े,भाजपा जिला महामंत्री संजय परिहार, पूर्व विधायक ललित फर्श्वाण सहित खेल प्रेमियों ने बधाई दी है।

# जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने शहीद-ए-आजम स्पोर्टस स्टेडियम में विभिन्न कार्यों का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

**रामपुर।** मा० सांसद मोहिबुल्लाह नदवी, मा० शहर विधायक आकाश सक्सेना, जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र द्वारा संयुक्त रूप से शहीद-ए-आजम स्पोर्टस स्टेडियम बमनपुरी में कराये गये विभिन्न कार्यों का लोर्कापण एवं शिलान्यास किया गया। प्रभारी जिला क्रीड़ाधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में स्टेडियम परिसर की बाउन्ड्रीवॉल का उच्चीकरण (पुर्नस्थापना), स्टेडियम परिसर के अन्दर इन्टरलॉकिंग टाईल्स, फेंशिंग का कार्य, बैडमिन्टन के 03 सिन्थेटिक कोर्ट का पुर्नस्थापना का कार्य, 03 क्रिकेट पिच का निर्माण कार्य, पवेलियन पर हाईमास्ट लाईट का कार्य, स्टेडियम परिसर से पहुँच मार्ग तक रोड का कार्य, स्ट्रीट लाईट का कार्य एवं बास्केटवाल सिन्थेटिक कोर्ट पुर्नस्थापना, सिन्थेटिक लॉनटेनिस कोर्ट का पुर्नस्थापना कार्य एवं पिकल गेम कोर्ट के निर्माण का शिलान्यास किया गया। उन्होंने बताया कि बाउन्ड्रीवॉल का उच्चीकरण ( पुर्नस्थापना) का कार्य 32.717 लाख रुपये की लागत से कराया गया है।इसके अतिरिक्त स्टेडियम परिसर के अन्दर इन्टरलॉकिंग टाईल्स, फेंशिंग का कार्य अनुमानित धनराशि 15 लाख रुपये, बैडमिन्टन के 03 सिन्थेटिक कोर्ट का पुर्नस्थापना, तीन क्रिकेट पिच का निमार्ण, पवेलियन पर हाईमास्ट लाईट का कार्य 36 लाख रुपये, शिलान्यास के कार्यों में बास्केटवाल सिन्थेटिक कोर्ट पुर्नस्थापना, सिन्थेटिक लॉनटेनिस कोर्ट का पुर्नस्थापना कार्य एवं पिकल गेम कोर्ट के निमार्ण का कार्य अनुमानित धनराशि 25 लाख रुपये की लागत से कराया गया। कार्यक्रम के दौरान अण्डर 14 बालक/बालिका एवं ओपन पुरूष सिंगल/डबल बैडमिन्टन प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें 40 महिला/पुरुष खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। अण्डर 14 बालिका प्रतियोगिता में विजेता परी, उपविजेता अनीता, अण्डर 14 बालक प्रतियोगिता में विजेता अहमद खान, उपविजेता अन्क्ष, ओपन सिंगल में विजेता सउद गुल उपविजेता अमित तैजान एवं ओपन डबल में विजेता सउद, फैजान उपविजेता जावेद एवं तिव्यान रहे।





## मिशन शक्ति फेस 5.0 अभियान के अंतर्गत खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

डिबाई/बुलंदशहर/ मंगलवार को युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग बुलंदशहर द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग के समन्वय से मिशन शक्ति फेस 5.0 के अंतर्गत विकास खंड डिबाई के भागीरथी इण्टर कॉलेज रामघाट गांव में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अभिषेक त्यागी, व्यायाम प्रशिक्षक खेमेंद्र सिंह और धीरेन्द्र सिंह द्वारा महिलाओं एवं बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य, साइबर क्राइम, लैंगिक दुर्व्यवहार, महिला हेल्पलाइन 1090 एवं सरकार द्वारा संचालित महिला सशक्तिकरण संबंधित योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया। इसके साथ ही आयोजित खेल प्रतियोगिता में ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं एवं महिला मंगल दल के सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# गढ़मुक्तेश्वर में लगने वाले गंगास्नान के मेले को लेकर गढ़ गंगा में भूमि पूजन व आरती

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**



**हापुड़।** जनपद में गढ़मुक्तेश्वर के विधायक हरेंद्र तेवतिया, जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर, जिला अध्यक्ष भाजपा नरेश तोमर एवं जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय के द्वारा आज गढ़मुक्तेश्वर गंगा घाट पर आयोजित होने वाले कार्तिक पूर्णिमा मेला स्थल पर किया गया भूमि पूजन एवं गंगा आरती कार्तिक पूर्णिमा गढ़ गंगा मेले को सकुशल संपन्न कराने हेतु किया गया विचार विमर्श : जिलाधिकारी अभिषेक पांडे सभी अधिकारीगण अपनी-अपनी जिम्मेदारियां को धैर्य पूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से कराए संपन्न जिलाधिकारी अभिषेक पांडे गढ़मुक्तेश्वर विधायक हरेंद्र तेवतिया, जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर, भाजपा अध्यक्ष नरेश तोमर,जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम एवं अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत शिशुपाल सिंह के द्वारा गढ़मुक्तेश्वर गंगा घाट पर आयोजित होने वाले कार्तिक पूर्णिमा मेला स्थल पर पहुंच कर गंगा मेले के सफल आयोजन हेतु भूमि पूजन व गंगा आरती की गई। इसके उपरांत गढ़ गंगा घाट पर उपस्थित सभी अधिकारियों के साथ कार्तिक पूर्णिमा मेले 2025 को सौहार्दपूर्ण एवं शांतिपूर्ण वातावरण के साथ संपन्न कराने हेतु जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय के द्वारा विचार विमर्श किया गया।

जिलाधिकारी अभिषेक पांडे ने मेले से संबंधित सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि गढ़ मेले में आने वाले सभी श्रद्धालुओं को मेले के दौरान किसी प्रकार की कोई असुविधा न होने पाए इसके लिए समय से ही सभी व्यवस्था पूर्ण कर ली जाए। जिलाधिकारी अभिषेक पांडे ने सभी अधिकारियों से उनकी कार्य प्रणाली को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। जिला अधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद एवं ठेकेदारों को विशेष निर्देश दिए कि इस बार मेले में स्वच्छता को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

## नगदी और जेवरात लेकर फरार हुई युवती

**कांधला।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी विधवा महिला ने एक युवक पर उसकी पुत्री को एक युवक के द्वारा बहला-फुसलाकर कर भाग ले जाने सहित उसके परिवार के लोग भी साजिश में शामिल होने का आरोप लगाते हुए चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है पुलिस युवती की तलाश में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी विधवा महिला ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि कैराना कोतवाली क्षेत्र के गांव तीतरवाडा निवासी अंकित नामक युवक उसकी 18 वर्षीय पुत्री को बहला-फुसलाकर कर अपने साथ भाग कर ले गया। पीड़ित विधवा महिला का आरोप है कि उसकी पुत्री को भगाने में आरोपी अंकित की बहन कविता, एवं बहनोई मीनू और उसकी पुत्री नेहा भी शामिल है। आरोप है कि उसकी पुत्री घर में रखी हजारों की नगदी एवं जेवरात भी अपने साथ ले गई। काफी खोजबीन करने के बाद भी उसकी पुत्री का कहीं भी सुराग नहीं लगा पीड़ित महिला ने चारों आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है।

# मणिकर्णिका वूमेन्स क्लब ने मनाया करवा चौथ उत्सव, दीप्ति सोनी बनीं करवा चौथ क्वीन

**वेलकम इंडिया**



**झांसी।** मणिकर्णिका वूमेन्स क्लब, झांसी के तत्वाधान में नटराज सरोवर होटल में हर्षोल्लास के साथ करवा चौथ सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में सजधज कर करवा चौथ के त्योहार को धूमधाम से मनाया। क्लब की चार्टर प्रेसिडेंट सपना सरावगी एवं प्रेसिडेंट ओमनी राय वाइस प्रेसिडेंट नूपुर अग्रवाल ट्रेजरार तमन्ना राय सेक्रेटरी संयुक्त शर्मा के नेतृत्व में आयोजित किया गया।इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. जिज्ञासा तिवारी रहीं। कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वय प्रोग्राम डायरेक्टर नेहा अग्रवाल और नीलू नरवानी ने किया।

कार्यक्रम में महिलाओं ने मेहंदी, नेल आर्ट, थाली सजावट, रैम्पवॉक जैसे कई रंगारंग प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। निर्णायक मंडल में रचना कुदरिया और पास्ट प्रेसिडेंट नेहा तिवारी शामिल रहीं, जिन्होंने प्रतिभागियों का चयन विभिन्न श्रेणियों में किया। प्रतियोगिता में दीप्ति सोनी को करवा चौथ क्वीन का ताज पहनाया गया, जबकि डॉ. फैरी को फर्स्ट रनरअप और मोनिका कोचर को थर्ड मोस्ट ग्रेसफुल घोषित किया गया। अन्य विशेष श्रेणियों में विजेताओं के नाम इस प्रकार रहे बेस्ट थालीः दीप्ति सोनी, बेस्ट नेल आर्टः पूजा श्रीवास्तव, बेस्ट मेहंदीः डॉ. फैरी, बेस्ट रैम्पवॉकः प्रियांशी, बेस्ट ट्रेडिशनल ड्रेसः शालिनी प्रभाकर। सांत्वना पुरस्कार पाने वालों में नेहा राय, कशिश अग्रवाल, ज्योत्सना, साक्षी, शिखा अरोड़ा, ट्विंकल बंसल, नीलम, यशी कमरिया और नायरा शामिल रहीं।

## बुंदेलखंड कॉलेज मे जन अधिकार संगोष्ठी का आयोजन किया गया




**झांसी।** विधि विभाग, बुंदेलखंड कॉलेज झांसी में जन सूचना अधिकार मंच ट्रस्ट और मिशन शक्ति के संयुक्त तत्वाधान में जन सूचना अधिकार संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. एसके राय ने किया तथा राष्ट्र की उन्नति और समावेशी विकास के लिए सूचना के अधिकार संबंधित कानून को अपरिहार्य बताया। मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झांसी के सचिव श्री शरद कुमार चौधरी ने छात्रों को जिज्ञासु बनने तथा फळक के माध्यम से समाज में पारदर्शिता लाने के लिए आगे आने का आह्वान किया और विद्यार्थियों से सीधा संवाद करते हुए उनके प्रश्नों के उत्तर भी दिए तथा मुख्य वक्ता प्रो.एल.सी. साहू ने सूचना के अधिकार अधिनियम,2005 पर विस्तृत विचार व्यक्त किया। द्वितीय वर्ष के छात्र अंकुर गुप्ता ने कार्यक्रम का संचालन किया और डॉ. अजीत गुप्ता ने आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि प्रशांत सिंह (महाप्रबंधक दैनिक जागरण, झांसी), मुदित चिरवारिया (अध्यक्ष, जन सूचना अधिकार मंच ट्रस्ट),असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. राजेंद्र प्रसाद, संजीव शेखर सिंह, आदित्य कुमार सिंह, अजय कुमार प्रजापति, श्रीमती राधिका सिंह, डॉ. डी.पी.गुप्ता, विकास कटियार, डॉ. नीता राय, श्रीमती कल्पना सिंह और किरण सिंह (मिशन शक्ति छात्रा प्रतिनिधि),समस्त छात्र-छात्राओं सहित मनोज बाजपेई,रवि रायकवार आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

# चार कर्मचारियों की बर्खास्तगी पर सफाई कर्मियों ने किया हंगामा



**वेलकम इंडिया**

**कांधला।** नगर पालिका परिषद में मंगलवार को उस समय हंगामा खड़ा हो गया जब सफाई कर्मियों ने अपने चार साथियों की बर्खास्तगी के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। बताया गया कि पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम ने सफाई कर्मचारी राजन, अर्जुन, विनय और आजाद को ड्यूटी से हटाने का आदेश जारी किया था। इस निर्णय से नाराज सफाई कर्मी एकजुट होकर पालिका कार्यालय के बाहर एकत्र हुए और जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि चारों कर्मचारियों को बिना किसी ठोस कारण के हटाया गया है, जो सरासर अन्यायपूर्ण कदम है।आक्रोशित कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि जब तक बर्खास्त कर्मचारियों को पुनः ड्यूटी पर नहीं लिया जाता, तब तक वह आंदोलन जारी रखेंगे। प्रदर्शन के दौरान कुछ समय के लिए पालिका परिसर में तनावपूर्ण माहौल बन गया। सूचना मिलने पर वार्ड सभासद कय्यूम जंग मौके पर पहुंचे और कर्मचारियों से बातचीत की। उन्होंने कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि मामले की जांच कर बर्खास्त कर्मचारियों को जल्द ही बहाल किया जाएगा। इस दौरान बड़ी संख्या में सफाई कर्मी मौजूद रहे। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है, जबकि नगर पालिका प्रशासन की ओर से इस मामले पर अब तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

## जिम कर लौट रहे युवको. के साथ हुई मारपीट में 4 के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**कांधला।** कस्बा निवासी दो युवकों के साथ हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने पीड़ित युवक की तहरीर पर चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू करती है। कस्बे के मोहल्ला मुस्तफाबाद निवासी अमजद ने बताया था कि विगत रविवार की शाम को पीड़ित अपने साथी सोयब पुत्र सलीम के साथ जिम कर अपने घर लौट रहा था। पीड़ित जैसे ही बाईपास मार्ग स्थित मंडी कॉलोनी पर पहुंचे तो कस्बा निवासी शाहनवाज, सावेज, सोनू व समीर ने पकड़ लिया और उनके साथ जमकर लाठी डंडों से मारपीट करते हुए घायल कर दिया। पीड़ित के परिजनों ने उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां पीड़ित का हाथ फैक्चर हो जाने के कारण चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चारों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए उनकी तलाश शुरू कर दी है।

## मुर्गा कारोबारी के ऊपर दबंगों का जानलेवा हमला, गंभीर हालत

**वेलकम इंडिया**



**कांधला।** थाना क्षेत्र के गढ़ी मियां निवासी एक मुर्गा कारोबारी के साथ कई लोगों ने मारपीट करते हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया परिजनों ने घायल का उपचार कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी मियां निवासी वहसर पुत्र साजिद मुर्गा कारोबारी है पीड़ित के अनुसार वह सोमवार की देर शाम बाइक पर सवार होकर कस्बे से अपने गांव में जा रहा था जैसे ही वह गढी श्याम मार्ग पर पहुंचा तो बाइक सवार अज्ञात हमलावरों ने उस पर धारदार हथियारों से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया।

आरोपी मुर्गा कारोबारी को घायल अवस्था में छोड़कर फरार हो गए सूचना पाकर पहुंचे परिजनों ने उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया घायल के परिजनों ने थाने पहुंचकर तहरीर देखकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस जांच में जुटी हुई है। दूसरी और कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी शादाब ने बताया कि मामूली विवाद को लेकर उसके भतीजे ने उसके साथ मारपीट की है पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## मजदूर के घर में लगी आग लाखों का सामान जलकर राख



**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला खेल में एक मकान में संदिग्ध परिस्थितियों में भीषण आग लगी आग लग जाने से पीड़ित मकान स्वामी का घर का लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया पीड़ित ने प्रदेश सरकार को पत्र भेज कर मुआवजे की मांग की है। कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी सोमपाल ने बताया कि मंगलवार को उसके मकान में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। जिस समय पीड़ित के मकान में आग लगी पीड़ित मजदूरी करने के लिए गया हुआ था और घर पर उसकी पत्नी उर्मिला वह उसकी दो बच्ची सरस्वती और मालो मौजूद थी। मकान में आग लग जाने से मोहल्ले में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और मोहल्ले के लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद जलती हुई आग पर पानी डालकर काबू पाया। मगर तब तक पीड़ित के घर का सभी कीमती सामान जल का राख हो गया। पीड़ित व्यक्ति ने बताया कि वह एक मजदूर व्यक्ति है और मजदूरी कर अपना व अपने परिवार का भरण पोषण करता है। पीड़ित ने प्रदेश सरकार को पत्र भेजकर मुआवजे की गुहार लगाई है।

# कानून व्यवस्था दुरुस्त करने को लेकर कोतवाल ने चलाया जागरूकता अभियान

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर, गोविन्द मेहता।** प्रभारी निरीक्षक अनिल उपाध्याय द्वारा कोतवाली का प्रभार संभालते ही कानून व्यवस्था मजबूत करने के लिए अपना अभियान शुरू कर दिया है।अलग-अलग स्थानों में जागरुकता अभियान चलाकर स्थानीय आम जनमानस को नशे के दुष्प्रभावों, बढ़ते अपराधों से बचाव को किया जागरुक।और लोगों को क्षेत्र में कानून व्यवस्था मजबूत करने, क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थो का कारोबार कर शांति व्यवस्था बाधित करने वालों पर शिकंजा कसने हेतु सहयोग की अपील की। पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोडके के निर्देशन में जनपद स्तर पर प्रचलित जन जागरुकता अभियान के तहत, पुलिस उपाधीक्षक बागेश्वर- कपकोट के पर्यवेक्षण में कोतवाल अनिल उपाध्याय द्वारा कोतवाली बागेश्वर क्षेत्रान्तर्गत आमजनमानस बढ़ते अपराधों से बचाव के बारे में जानकारी देकर जागरुक किया गया।साथ ही वरिष्ठ लोगों से मिलकर उनकी समस्याए सुनी।

जागरुकता के दौरान उपस्थित आमजनमानस को यातायात नियमों की जानकारी देकर सदा यातायात नियमों का पालन करने, नशा मुक्ति भारत अभियान के तहत नशे का सेवन ना करने, नशे के दुष्प्रभाव,समाज में बढ़ रहे बच्चो व महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों जैसे- महिलाओं एवं बच्चों की मानव तस्करी, उत्पीड़न, जबरन मजदूरी, जबरन विवाह कराना, बाल श्रम, भिक्षा वृत्ति, वैश्यावृत्ति, बाहरी व्यक्ति को बिना पुलिस सत्यापन के किरायेदार/ वर्कर ना रखनें आदि अन्य अपराधों के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। उन्होंने उत्तराखण्ड पुलिस एप के अन्तर्गत गौराशक्ति एप की विस्तृत जानकारी दी। सभी लोगों से अविश्वसनीय वेबसाइटें ब्राउज न करने, अपना पासवर्ड व ओटीपी किसी के साथ साझा न करने सहित किसी पर भी भरोसा कर अपना एटीएम और उसका पासवर्ड किसी को नही बताने तथा किसी भी प्रकार का साइबर अपराध होने पर तत्काल 1930 नम्बर पर कॉल कर अपनी रिपोर्ट दर्ज कराने व हेल्प लाइन नम्बर डायल 112, 1090, 1098 के सम्बन्ध में जानकारी दी।

# नर्सरी क्लाश की छात्रा आवारा कुत्ते के हमले से हुई घायल

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**



**हापुड़।** जनपद के हाफिजपुर थाना क्षेत्र के गांव हरसिंहपुर में मंगलवार सुबह स्कूल जा रही छः वर्षीय छात्रा अवनी सैनी पर आवारा कुत्ते ने अचानक हमला कर दिया, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई। कुत्ते ने उसके चेहरे, हाथ, पैर और शरीर पर कई जगह गहरे घाव कर दिए।स्थानीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए दिल्ली के बड़े अस्पताल में रेफर कर दिया गया। ग्रामीणों ने आवारा कुत्तों की बढ़ती समस्या पर प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।सुबह करीब सात बजे हरसिंहपुर निवासी संजय सैनी की सबसे छोटी पुत्री अवनी (उम्र 6 वर्ष) घर के बहार स्कूल में जा रही थी। घर के कोने पर पहुंचते ही एक आवारा कुत्ते ने उस पर झपट्टा मार दिया। बच्ची की चीखें सुनकर भी कुत्ता नहीं रुका और लगातार काटता रहा। आसपास के ग्रामीणों ने डंडों से कुत्ते को भगाया, लेकिन तब तक अवनी लहूलुहान हो चुकी थी। अवनी के चेहरे पर गहरे कट, हाथ पैर में गहरे घाव हो गए।

परिजन और ग्रामीण आनन फानन में मासूम बच्चों को नगर के एक अस्पताल में लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत देखते हुए दिल्ली के एक अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। बताया गया कि संजय मजदूरी कर किसी तरह परिवार का पालन पोषण करता है। वह अपनी पत्नी प्रीति और तीन बच्चों को साथ रहता है।ग्रामीणों का कहना है कि हरसिंहपुर और आसपास के गांवों में आवारा कुत्तों की संख्या बढ़ गई है,जो बच्चों और बुजुर्गों के लिए खतरा बने हुए हैं।परिजनों ने प्रशासन से जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान कराने की मांग कर रहे है।

# पीस पार्टी ने बुनकरों की विभिन्न समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** बुनकरों की विभिन्न समस्याओं को लेकर पीस पार्टी के खलीलाबाद शहर अध्यक्ष नुरूलहुदा अंसारी के नेतृत्व में कार्यकताओं ने मंगलवार को राज्यपाल को सम्बोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी संतकबीरनगर को सौंपा।जिसमें कहा गया है कि यह बुनकर बाहुल्य क्षेत्र होते हुये भी बुनकर तमाम समस्याओं से दो चार होरहा है।जिसका निराकरण करने की मांग की गई है।

ज्ञापन में कहा गया है कि बुनकरों को दशकों पुरानी मजदूरी मिलने के कारण बुनकर आर्थिक तंगी से जूझ रहा है।अनाधिकृत विद्युत बिल बकाया बुनकरों के लिये शोषण का हथियार बनचुका है।बुनकरों को भी पशुपालकों की तरह एक मुश्त समाधान योजना का लाभ दिया जाये।अधिकारियों व कर्मचारियों के दबाव के कारण उन्हें मानसिक तनाव का सामना करना पड़ता है।उत्तरप्रदेश में 21कताई मिलों के बंद होजाने के कारण कच्चा माल मंहगे मूल्य पर बाहर से खरीदना पड़ रहा है।जिससे लागत बढ़ जारही है।बुनकरों को सस्ते व आसान ऋण की सुविधा दी जाये।बुनकरों को कपास से कई बीमारियां घेर लेती हैं ऐसे में उन्हें चिकित्सा एवं सामाजिक सुरक्षा का लाभ दिया जाये।युवा पीढ़ी हथकरघा उद्योग छोड़ कर रोजी रोटी के लिये पलायन करने को मजबूर होरहे हैं।इन्हें रोजगार से जोड़ा जाय।सीतापुर,भदोही और वाराणसी से हथकरघा उत्पाद बढ़े हुये टैरिफ के कारण घट रहा है।जो बुनकरों के लिये आर्थिक रूप से घातक सिद्ध होरहा है।आगे उन्होंने मांग करते हुये कच्चे माल पर सब्सिडी देने के साथ ही अमदोर्भा और खलीलाबाद स्थित बरदहिया बाजार में डिपो खोल जाये।जिससे लागत में कमी आये और व्यापारियों को मनमाना मूल्य लेने से रोका जासके।बुनकरों को आयुष्मान भारत व पेंशन जैसी सामाजिक सुरक्षा से जोड़ा जाये।प्रदेश में चलरही अटलबिहारी बाजपेयी हथकरघा पावरलूम योजना को सरल बनाया जाये।

## सीसीटीवी कैमरों में महिलाओं व युवतियों पर नजर रखने का आरोप

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला मोलानान निवासी आधा दर्जन लोगों ने मोहल्ले के एक व्यक्ति पर अपने घर में कैमरा लगाकर मोहल्ले की महिलाओं एवं युवतियों को देखने के साथ ही आरोपी पर अपने घर पर करंट लगाकर बंदरों को परेशान करने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मंगलवार को कस्बे के मोहल्ला मोलानान निवासी साबिर, फिरोज,बाबर, आमिर अजीम, इमरान,वसीम, उम्रदराज, शाहिद आधा दर्जन लोगों ने थाने पर शिकायत करते हुए बताया कि उनके मोहल्ले के एक व्यक्ति ने अपने घर पर सीसीटीवी कैमरे लगा रखे हैं आरोपी उन कमरों में मोहल्ले की महिलाओं पर गंदी नजर रखता है।

# आशा कार्यकत्रियों का हल्ला बोल, आठ सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**वेलकम इंडिया**



**कांधला।** क्षेत्र की आशा कार्यकत्रियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया।नगर के सरकारी अस्पताल पर पहुंची आशा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आशाओं ने कहा कि वे वर्षों से गांव-गांव जाकर गर्भवती महिलाओं, नवजात शिशुओं और ग्रामीणों के स्वास्थ्य की सेवा में लगी हैं, लेकिन सरकार उनकी मेहनत का सही मूल्य नहीं दे रही।

प्रदर्शन के दौरान आशाओं ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक वीरेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने अपनी 8 सूत्रीय मांगें रखी,आशा कार्यकत्रियों को स्थायी कर्मचारी का दर्जा, न्यूनतम वेतन लागू करना, बीमा सुरक्षा, समय पर भुगतान और सेवाओं का मानदेय बढ़ाए जाने की मांग प्रमुख रही। उन्होंने कहा कि सरकार उनके साथ वर्षों से वादाखिलाफी कर रही है, अब वह चुप नहीं बैठेंगी।धरने के दौरान राजकुमारी, सविता, अनीता, बबीता, सुमन, ममता, नीलम, पूनम, रेखा, सरोज व शीला देवी समेत दर्जनों आशा कार्यकत्रियां मौजूद रहीं।

## हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त को पुलिस ने किया जिलाबदर

**कांधला।** पुलिस ने थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी एक हिस्ट्रीशीटर बदमाश के ऊपर कानूनी कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर 6 माह के लिए जिला बदर किया है पुलिस ने जनपद में प्रवेश करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है। थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी गय्यूर पुत्र अख्तर हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त है जिसके ऊपर थाने पर कई मुकदमे दर्ज हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार के द्वारा बताया गया कि आरोपी की लगातार पुलिस को शिकायत मिल रही थी और आरोपी कई संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त चल रहा था। मंगलवार को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करते हुए उसके ऊपर कानूनी कार्रवाई कर उसे जनपद बागपत की सीमा पर छोड़कर सख्त चेतावनी दी है।

# प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा ने किया सहकारिता मेले में काश्तकारो को बांटे 30 लाख के चैक

**वेलकम इंडिया**




**बागेश्वर,गोविन्द मेहता।** पशुपालन, दुग्ध विकास, मत्स्य पालन, कौशल विकास सेवायोजन एवं जिले के प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा ने नुमाइशखेत में आयोजित पांच दिवसीय सहकारिता मेले में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने 24 काश्तकारों को 30 लाख के व्याज रहित ऋण व बहुदेशीय प्राथमिक सहकारी समिति आरे व बागेश्वर को माइक्रो एटीएम प्रदान किए। वहीं इस दौरान उन्होंने सहकारिता विभाग द्वारा आयोजित निबंध प्रतियोगितों में प्रथम आने वाले बच्चों को पुरस्कार और प्रमाणपत्र वितरित किए।

सहकारिता मेले को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ये मेले जहां सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का काम करते हैं वहीं स्थानीय उत्पादकों और स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा निर्मित वस्तुओं को स्थानीय स्तर बाजार उपलब्ध कराते हैं। आज हमारे मिलेटस मडुवा झंगोरा, कीवी की डिमांड दिल्ली सहित अन्य प्रदेशों में है ये हमारी बडी उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि स्टॉलों के निरीक्षण करते हुए मातृशक्ति द्वारा उन्हें जानकारी दी गयी कि सरकार की योजनाएं उन तक पहुंच रही हैं इसके लिए उन्होंने जिला पप्रशासन की सराहना की और धन्यवाद किया। कहा कि सरकार योजना बना सकती है लेकिन धरातल तक पहुंचाना अधिकारियों की जिम्मेदारी होती है। जिसे यहां के प्रशासन ने बखूबी निभाया है।

उन्होंने बताया कि वज्यूला की दो महिलाओं ने सरकार की गोट वैली योजना का लाभ लिया जिससे उनको पहले साल70 हजार की आमदनी हुई। वे आत्मनिर्भर हो रहे हैं उनका परिवार सशक्त हो रहा है ।सरकार द्वारा चाहे कृषि का क्षेत्र हो, बागवानी का क्षेत्र हो पशुपालन का क्षेत्र हो,मत्स्य पालन का क्षेत्र हो, चाहे वो कॉपरेटिव की योजनाएं हो लोगों को आत्मनिर्भर, सशक्त बनाने और स्वरोजगार देने के लिए बहुत सी योजनाओं चलाई जा रही है।

उन्होंने सभी को सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने के साथ ही सभी से स्वदेशी अपनाने की भी अपील की। तभी स्थानीय उत्पादकों को बल मिलेगा और वे आत्मनिर्भर बन सकेंगे। इसके साथ ही नशे की समस्या पर चिंता जाहिर करते हुए उन्होंने नशे के खिलाफ भी अभियान चलाने की अपील की ।इस दौरान उन्होंने भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा दैनिक जीवन में मानकों के प्रयोग को बढावा देने, मानकीकृत व प्रमाणीकृत सामान खरीदने गुणवतापूर्ण उत्पादों और सेवाओं की मांग करने और लोगों को भी जागरूक करने की शपथ दिलायी।

## फूड विभाग की कार्रवाई से दुकानदारों में मचा हड़कम्प, शटर गिराकर भागे मिलावटखोर

**बढ़नी/सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत बढ़नी बाजार में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम के पहुंचने के बाद दुकानदार नमूना भरने की डर से धड़ाधड़ दुकान का शटर बन्द कर भागने लगे, जिसके कारण टीम को बिना नमूना लिए ही खाली हाथ वापस लौटना पड़ा। दीपावली त्यौहार के मद्देनजर बढ़नी बाजार में मिठाइयों की काफी मांग रहती है। बाजार में घटिया क्वालिटी की मिठाइयों की बिक्री धड़ल्ले से किये जाने की बात जब सुर्खियां बनी, तब विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों में खलबली मच गयी और खाद्य औषधि प्रशासन विभाग की टीम जब स्थानीय कस्बे में पहुंची तो न जाने कैसे मिलावटखोरों को जानकारी हो गयी और धड़ाधड़ शटर डाउन हो गया, अंततः विभाग को बिना नमूना लिये ही वापस लौटना पड़ा। मिठाइयों में मिलावट की खबरों ने बाजार की मिठास को कड़वाहट में बदल दिया है।

# नन्हे सितारें कार्यक्रम आयोजित कई प्रतियोगिताएं संपन्न हुई

**वेलकम इंडिया**



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के मोहनलालगंज क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर गढ़ी जमुनी में सावी वेलफेयर सोसाइटी ने सामाजिक सरोकारों की मिसाल पेश करते हुए ‟नन्हे सितारे उत्सव" कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों के बीच रंग भरो प्रतियोगिता, कविता प्रतियोगिता और दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने पूरे उत्साह और जोश के साथ हिस्सा लिया।

प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को संस्था की ओर से प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ और पंचम पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान बच्चों का उत्साह बढ़ाने के लिए समोसे और केले का वितरण भी किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्रधानाचार्य को संस्था की ओर से मोमेंटो भेंट कर की गई।

आयोजन में मौजूद लोगों ने कहा कि ऐसे सामाजिक और शैक्षिक कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बेहद जरूरी हैं। इससे न केवल बच्चों की प्रतिभा निखरती है, बल्कि उनमें आत्मविश्वास और सहयोग की भावना भी विकसित होती है।

संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि सावी वेलफेयर सोसाइटी भविष्य में भी समाजसेवा और शिक्षा के क्षेत्र में ऐसे रचनात्मक प्रयास जारी रखेगी।

इस अवसर पर ग्राम प्रधान डॉ. सत्य प्रकाश, संस्था के अध्यक्ष गौरव सिंह, सचिव कुंवर यश, सदस्य आदर्श चतुर्वेदी, आत्मिका पांडे, उजैरा, ज्योत्सना शुक्ला, एच.आर. काजल यादव, प्राची, अंशु, पूजा यादव, शशि, अंजलि, नमिता सहित कई जागरूक ग्रामीणों ने सहयोग करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# काशी ग्लैमरस रनवे शो का हुआ भव्य आयोजन



**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी।** काशी ग्लैमरस रनवे शो का भव्य आयोजन लहरतारा शिवदासपुर रोड स्तिथ विश्वनाथ लान में संपन्न हुआ शो के ऑगेनाईजर नीशू ने बताया कि इस शो में कई मॉडलों ने प्रतिभाग लिया एवं अपनी उत्कृष्ट कला का प्रदर्शन कियो कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भोजपुरी गायक विनय पांडेय रहे मुख्य अतिथि ने सभी मॉडलों का उत्साह वर्धन किया विनय पांडेय ने बताया कि बुलेट पर जीजा गाने के बाद अब उनकी फिल्म भी बुलेट पर जीजा रिलीज होने वाली है जिसकी शूटिंग पूरी हो चुकी है बहुत ही जल्दी यह फिल्म दर्शकों के बीच होगी। रनवे शो मे स्पिरिट हाई प्रोडक्शन के संस्थापक विलियम सिंह के मॉडलों ने भी प्रतिभाग किया शो स्टॉपर मे खुशी कुमारी एवं प्रियांशु शर्मा का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा कार्यक्रम में सपोटिंग पार्टनर योगेश विश्वकर्मा मेंन डिजाइनर यूसुफ पठान शो ओपनर कृतिका पायेगुंडे,योगेश शुक्ला, फोटोग्राफर अरविंद राठौड़,मेकअप आर्टिस्ट प्रिया सिंह स्पेशल वाक प्रिया ठाकुर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। रनवे मॉडल आंचल मौर्य,आर्य चौरसिया,ऋषिता,अलंकृता अवस्थी आंचल तिवारी,अंजली श्रीवास्तव,रवि प्रताप, ऋषभ सिंह,अभिषेक पाठक ने अपनी कला का प्रदर्शन किया।

# भोजपुरी संगीत में बिखेरा जलवा, थिरके लोग



**वेलकम इंडिया/मोहम्मद असलम**

**लखीमपुर खीरी।** दशहरा मेले के 11वें दिन भोजपुरी संगीत सम्मेलन का आयोजन हुआ, जिसमें मशहूर लोकगायिका संजोली पांडेय ने अपनी सुरीली आवाज और धमाकेदार प्रस्तुति से दर्शकों का दिल जीत लिया। संजोली पांडेय के मंच पर आते ही दर्शकों में उत्साह का माहौल बन गया। उन्होंने एक से बढ़कर एक लोकप्रिय भोजपुरी गीतों की प्रस्तुति दी, जिस पर लोगों ने जमकर थिरकते हुए आनंद लिया। भोजपुरी संगीत सम्मेलन में हजारों की भीड़ उमड़ी, जिससे मेले में जनसैलाब जैसा दृश्य देखने को मिला। लोगों का उत्साह देखकर आयोजन स्थल देर रात तक गूंजता रहा। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिस मुस्तैद रही। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के साथ मेला कोतवाली इंचार्ज विनय सिंह और उनकी टीम की कड़ी मेहनत के चलते कार्यक्रम शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। मेले में लगातार बढ़ रही भीड़ यह दर्शा रही है कि लखीमपुर खीरी का दशहरा मेला अब जिले ही नहीं, बल्कि आस-पास के इलाकों में भी लोकप्रियता का प्रतीक बन चुका है।

## महात्मा गांधी इस्मारक इंटर कॉलेज की कृषि भूमि की 1 वर्ष की नीलामी 18 10.2025 को विद्यालय प्रांगण में

**मथुरा/सोंख।** महात्मा गांधी स्मारक इंटर कॉलेज सोंख की प्रधानाचार्या श्रीमती रेखा शर्मा ने बताया है कि महात्मा गांधी स्मारक इंटर कॉलेज सौंख मथुरा की कृषि भूमि तसिया वाला फॉर्म, नाला बाला बाग एवं सौंख नाले की फसल हेतु 1 वर्ष की नीलामी बोली द् दिनांक 18.10.2025 को विद्यालय प्रांगण में होगी ।इच्छुक किसान उपस्थित होकर बोली लगा सकते हैं। बोली के आधार पर खेत 1 वर्ष के लिए प्राप्त करें।

# अतिक्रमण हटाओ अभियान में भेदभाव और अवैध वसूली का आरोप



**वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता**

**बरेली।** नगर निगम की टीम पर अतिक्रमण हटाओ अभियान की आड़ में भेदभाव और अवैध वसूली का आरोप लगा है। मंगलवार दोपहर करीब 12:30 बजे नगर निगम कार्यालय में रामपुर गार्डन के कार बाजार से कई दुकानदार पहुंचे। जिसके बाद दुकानदार ने टैक्स निर्धारण अधिकारी एवं अतिक्रमण प्रभारी राजवीर सिंह का घेराव कर टीम पर आरोप लगाए।

पार्षद राजेश अग्रवाल के साथ दुकानदारों ने नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य से भी मुलाकात की। दुकानदारों ने उन्हें बताया कि बटलर प्लाजा के सामने अतिक्रमण करने वालों से अवैध वसूली होती है। वहां कोई कार्रवाई नहीं हो रही। इसके विपरीत छोटे-छोटे दुकानदारों पर कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई का विरोध या अपना पक्ष रखने के लिए अगर कोई आता है तो उसके साथ अभद्रता की जाती है।

उन्होंने अतिक्रमण प्रभारी राजवीर सिंह और राजस्व निरीक्षक सच्चिदानंद सिंह का नाम लेकर भी आरोप लगाए। वहीं इस मामले को लेकर अतिक्रमण प्रभारी राजवीर सिंह ने आरोपी को गलत ठहराया है। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने दुकानदारों को जांच एवं कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# पोषण भी , पढ़ाई भी से सशक्त होंगे नन्हें कदम : आनंद प्रकाश श्रीवास्तव

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**



**खेसरहा/सिद्धार्थनगर।** ब्लाक संसाधन केन्द्र खेसरहा में बाल विकास परियोजना के द्वारा आयोजित पोषण भी, पढ़ाई भी विषयक तीन दिवसीय आंगनबाड़ी कार्यकताओं प्रशिक्षण मंगलवार को सम्पन्न हुआ।

प्रशिक्षण में बाल विकास परियोजना अधिकारी आनन्द प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि पोषण भी, पढ़ाई भी से सशक्त नन्हें बच्चे सशक्त होंगे, इसके लिए विभाग के तरफ से सभी आंगनबाड़ी को तीन प्रकार के किताब भी उपलब्ध करवाए गये हैं। जिसमें साप्ताहिक खेल आधारित कैलेण्डर, खेल आधारित गतिविधियों का संग्रह ₹आधार शीला₹ और बौद्धिक विकास गतिविधियों का कैलेण्डर ₹नवचेतना₹ नाम के किताब हैं। वहीं कार्यकताओं को पोषण और पढ़ाई के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी गई। पढ़ाई के साथ संतुलित आहार कैसे दिया जा सकता है। सिनर्जी संस्थान से प्रशिक्षक ब्लाक प्रतिनिधि अतुल उपाध्याय एवं रीता मिश्रा ने से कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र केवल भोजन वितरण का स्थल नहीं, बल्कि बच्चों के भविष्य निर्माण की प्रयोगशाला हैं। उन्होंने सामूहिक गतिविधियों, खेलों और गीतों के माध्यम से यह जाना कि किस तरह बच्चों को पढ़ाई में रुचि के साथ-साथ पोषण सम्बन्धी आदतें भी सहजता से सिखाई जा सकती हैं। पिरामल फाउण्डेशन से योगेन्द्र मोहन ने अपने सम्बोधन में कहा कि कुपोषण और अशिक्षा समाज की सबसे बड़ी चुनौतियां हैं। यदि आंगनबाड़ी केन्द्र सशक्त होंगे तो न केवल बच्चे, बल्कि पूरा समाज सशक्त होगा।

## मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

**रामघाट/बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश सरकार के सख्त निर्देशानुसार चलाए जा रहे मिशन शक्ति 05 फेज अभियान के अंतर्गत स्वामी पूणार्नंद इंटर कॉलेज चिरौरी तालुका जरगवां में छात्राओं को किया जागरूक किया गया। मिशन शक्ति टीम की मोना अग्रवाल ने छात्र-छात्राओं को विस्तृत जानकारी देते हुए बताया आपको रास्ते में आते-जाते समय कोई लड़का अश्लील टिप्पणी करता है तो हमको इसकी सूचना तुरंत बताएं आपका नाम गुप्त रखा जाएगा मोना अग्रवाल ने सरकार द्वारा चलाई जा रही की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी जैसे सुमंगला योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ रानी लक्ष्मीबाई बाल कल्याण कोष योजना निराश्रित विधवा पेंशन योजना सहित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। एस आई आशीष कुमार ने साइबर अपराध की सुरक्षा हेतु हेल्पलाइन नंबर 1090 1098 1930 102 108 112 1076 रामघाट थाने का सीयूजी नंबर 9454403167 नंबर पर कॉल करने की बात कही थी।

# स्वामी अनिरूद्धाचार्य ने कहा-टीबी से डरना नहीं है, इलाज कराना है



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** क्षय रोग उन्मूलन अभियान के तहत मंगलवार को जिला क्षय रोग अधिकारी डाक्टर संजीव यादव ने अधीनस्थों के साथ वृंदावन में स्वामी अनिरूद्धाचार्य महाराज से मुलाकात की और भारत सरकार के मुख्य क्षय रोग अभियान-प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान की जानकारी दी। क्षयरोग (टीबी) के प्रति जनजागरूकता विभिन्न माध्यमों से बढ़ाने की अपील की।


स्वामी अनिरूद्धाचार्य महाराज ने इसको स्वीकार करते हुए ब्रजवासियों एवं देशवासियों से अपील की कि टीबी से डरना नहींहै, इलाज कराना है। यह रोग पूरी तरह ठीक हो सकता है। आइए, हम सब ‟निक्षय मित्र" बनकर टीबी रोगियों की सुलभ देखभाल में सहभागी बनें। परेशानी होने पर नजदीकि स्वास्थ्य केन्द्र पर संपर्क करें। जांच एवं उपचार कराएं।सभी सुविधाएं फ्री हैं। डीटीओ ने स्वामी अनिरूद्धाचार्य को बताया कि भारत टीबी मुक्त अभियान की जानकारी दी।

## विद्युत विभाग की टीम ने चलाया चेकिंग अभियान वसूला बिल

**रामघाट/बुलंदशहर।** विद्युत विभाग की टीम ने विद्युत बकाया बिल के खिलाफ चलाया चेकिंग अभियान बिल जमा ना करने वालों के काटे कनेक्शन आपको बता दे विद्युत विभाग नरौरा की टीम ने जेई योगेश कुमार के नेतृत्व में जरगवां में चेकिंग अभियान चलाकर ऐसे उपभोक्ता जिन्होंने बकाया विद्युत बिल पर संयोजन काटने के बाद जमा न करने वाले संयोजन पाए जाने वाले उपभोक्ताओं पर विद्युत अधिनियम की धारा 138बी के तहत कार्यवाही हेतु चैकिंग अभियान चलाया गया जेई योगेश कुमार ने उपभोक्ताओं को सख्त चेतावनी दी है कि अपना समय से बकाया बिजली बिल जमा करें अन्यथा बिल का भुगतान की स्थिति लंबे समय से जमा ना करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी।

# टीवी सीरियल अभिनेत्री शिव्या पठानिया के हाथों प्रयागराज से पत्रकार सनी केशरी को मिला काशी गौरव रत्न सम्मान

**वेलकम इंडिया/सनी कुमार केसरवानी**



**वाराणसी।** पावन नगरी काशी में आयोजित काशी गौरव रत्न सम्मान समारोह एक शानदार और प्रेरणादायक आयोजन रहा, जहाँ आस्था, कला और मीडिया की अनोखी झलक देखने को मिली।

इस अवसर पर प्रसिद्ध टीवी सीरियल अभिनेत्री शिव्या पठानिया जी को उनके अद्भुत अभिनय और धार्मिक किरदारों के प्रति गहरे समर्पण के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने माँ सीता, देवी पार्वती और राधा जैसे दिव्य पात्रों को अपने भावपूर्ण अभिनय से जीवंत किया है। उनकी आस्था, सादगी और निष्ठा ने उन्हें देशभर के दर्शकों के दिलों में विशेष स्थान दिलाया है। समारोह के दौरान टीवी सीरियल अभिनेत्री शिव्या पठानिया जी ने पत्रकार सनी केशरी जी को हार्दिक शुभकामनाएँ और बधाई देते हुए कहा कि सनी केशरी जी की पत्रकारिता ईमानदारी, सच्चाई और समाज के प्रति जिम्मेदारी का सशक्त उदाहरण है। उनका कार्य मीडिया जगत के लिए प्रेरणा बन चुका है।

पत्रकार सनी केशरी जी को काशी गौरव रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया, जिन्हें उनके निष्पक्ष पत्रकारिता, सामाजिक उत्तरदायित्व और समर्पित कार्यशैली के लिए सराहा गया।

मीडिया जगत में उनके योगदान को लेकर उपस्थित अतिथियों ने भी प्रशंसा की और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। समारोह में उपस्थित अतिथियों मिसेज एशिया विजयता सचदेवा ने कहा कि यह आयोजन केवल एक सम्मान समारोह नहीं, बल्कि आस्था, कला और मीडिया सेवा का ऐसा संगम है जिसने पूरे समाज को नई दिशा दी है।

# त्योहारों की मिठाई में छिपा जहरः पनीर पाउडर और रिफाइंड से बन रही थी बर्फी

**वेलकम इंडिया/खालिद खान**



**बरेली।** दीपावली को लेकर बाजार में रौनक दिखाई देने लगी है, लेकिन इसी रौनक के बीच मिलावटखोरों ने मीठे त्योहारों की मिठास में जहर घोलकर रख दिया है। खाद्य सुरक्षा विभाग बरेली की टीम ने छापेमारी कर कुल 6 क्विंटल मिलावटी मिठाई और 4.8 क्विंटल पनीर नष्ट कराया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय गोयल के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान अलग-अलग दुकानों से 26 नमूने भी जांच के लिए जब्त किए गए। टीम को अधिकतर मिठाइयों में रिफाइंड ऑयल, कलर और पाउडर खोया की मिलावट मिली। बहेड़ी कस्बे में कई डेयरियों और मिठाई दुकानों पर विभाग द्वारा अचानक कार्रवाई की गई।

जांच टीम ने देखा कि पनीर में दवाई जैसी गंध और चिपचिपाहट थी, जो खराब दूध और केमिकल्स से बने होने की आशंका को दशार्ती है। जिसके बाद तुरंत कार्रवाई करते हुए टीम ने 480 किलो पनीर मौके पर ही नष्ट कराया। ग्राम मवई काजियान स्थित विजय स्वीट्स में रखी गई बर्फी को जब कर्मचारियों ने जांचा तो उसमें पनीर पाउडर और सस्ता रिफाइंड तेल मिलने की आशंका जताई गई।

45 किलो बर्फी को फावड़े से उठाकर ट्रॉली में भरकर नष्ट किया गया साथ ही दुकानदार को नोटिस भी जारी किया गया है। रिछा के सलमान ऑयल स्टोर से 60 लीटर संदिग्ध सरसों तेल सीज किया गया। तेल में तेज रासायनिक गंध आ रही थी। इसके अलावा पीली और हरी बूंदी, मक्का पोहा और मूंगफली के ढेरों पर भी संदेह जताया गया और कुल 440 किलो सामग्री जब्त कर नष्ट कराई गई।

# बरेली के खिलाड़ियों ने दिल्ली में लहराया परचम

**वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता**



**बरेली।** दिल्ली में हुई अंतरराष्ट्रीय ओपन कुकीवॉन कप प्रतियोगिता में बरेली के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया। मंगलवार को विजेता खिलाड़ी जब जिलाधिकारी अविनाश सिंह से मिले तो उन्होंने सभी की पीठ थपथपाई और हर विजेता को पांच-पांच हजार रुपये की इनामी राशि देने की घोषणा की।

जिलाधिकारी ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेलकूद भी जीवन का जरूरी हिस्सा है। खेल से न सिर्फ शरीर स्वस्थ रहता है बल्कि आत्मविश्वास भी बढ़ता है। उन्होंने कहा कि यह देखकर खुशी होती है कि इस प्रतियोगिता में ज्यादातर पदक विजेता बच्चियां हैं। हर बच्ची को आत्मरक्षा के गुण जरूर सीखने चाहिए ताकि वे किसी भी स्थिति में खुद की सुरक्षा कर सकें। आपको बता दें कि नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में 9 से 12 अक्टूबर तक हुई इस प्रतियोगिता में बरेली के 14 खिलाड़ियों ने मेडल जीते। इनमें माही गंगवार ने तीन स्वर्ण और एक कांस्य, निशु भारद्वाज ने रजत और कांस्य, शुभम रौतेला ने रजत, अधृत श्रीवास्तव, करण कुमार कनौजिया, भानु प्रताप सिंह, साँची सिंह, माधुरी और तवेज कुमार ने स्वर्ण पदक जीते। वहीं आरोही, परिक्रमा, जोया खान और रूप ने रजत तथा साजात ने कांस्य पदक हासिल किया। खिलाड़ियों के साथ पहुंचे कोच मोहम्मद अकमल खान, साक्षी बोरा और जगमोहन पटेल की भी जिलाधिकारी ने सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षकों की मेहनत और खिलाड़ियों के जज्बे से ही बरेली का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चमक रहा है।

# फसल अवशेष व अन्य कृषि अपशिष्टो जलाने पर दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध होगी कार्यवाही: डीएम

**विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया**



**प्रतापगढ**। जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने जनपद के किसान भाईयो को अवगत कराया है कि वर्तमान समय में खरीफ फसलो की कटाई एवं मड़ाई का कार्य प्रारम्भ हो रहा है, जिसमें फसल अवशेष/अन्य कृषि अपशिष्टो के जलाये जाने के कारण मिट्टी, जलवायु एवं मानव स्वास्थ्य को होने वाली हानि तथा पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण हेतु माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा फसलो के अपशिष्टो को जलाना प्रतिबन्धित कर दिया गया है। कृषि अपशिष्टो को जलाने वाले दोषी व्यक्तियो को माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण के आदेश के क्रम में पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति हेतु अर्थदण्ड का प्राविधान किया गया है। कृषि भूमि का क्षेत्रफल 02 एकड़ से कम होने की दशा में अर्थदण्ड रुपए 2500 प्रति घटना, कृषि भूमि का क्षेत्रफल 02 एकड़ से अधिक किन्तु 05 एकड़ तक होने की दशा में अर्थदण्ड रुपए 5000 प्रति घटना तथा कृषि भूमि का क्षेत्रफल 05 एकड़ से अधिक होने की दशा में अर्थदण्ड रुपए 15000 प्रति घटना का प्राविधान है।

उन्होने किसान भाईयो से अनुरोध किया है कि अपने फसल अवशेषो को न जलाये तथा फसल अवशेषो को फसल अवशेष प्रबन्धन के कृषि यन्त्रो एवं पूसा बायो डिकम्पोजर का प्रयोग करके उचित प्रबन्धन करे तथा मृदा के स्वास्थय एवं पर्यावरण को होने वाले नुकसान से बचाये। किसान भाई फसल कटाई के बाद फसल अवशेष प्रबंधन के यंत्रो जैसे सुपर सीडर, हैप्पी सीडर, पैडी स्ट्राचापर, श्रेडर, मल्चर, श्रब मास्टर, रोटरी स्लेशर, हाइड्रोलिक रिवसेर्बुल एम०बी०प्लाऊ, जीरो टिल सीड कम फर्टीड्रिल का प्रयोग खेत में अवश्य करे अथवा क्राप रीपर, रीपर कम बाइन्डर, रेक एवं बेलर का प्रयोग कर फसल अवशेष को अन्य कार्यों जैसे-पशु चारा, कम्पोस्ट खाद बनाने, बायो कोल, बाये फयूल एवं सी०बी०जी० आदि में उपयोग कर सकते है। उन्होने यह भी बताया है कि जनपद में स्थापित गौशालाओं में पराली देकर उसके बदले खाद प्राप्त कर सकते है, जिससे गौशालाओं में भण्डारित खाद का सदुपयोग होगा तथा गौशालाओं में चारे पर होने वाले व्यय भार में कमी आयेगी और किसानों के खेतों की उर्वरा शक्ति बढ़ेगी व फसल अवशेष प्रबंधन भली-भाँति सम्भव हो सकेगा।

# जिलाधिकारी ने ली बेसिक शिक्षा विभाग की बैठक



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा**। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग की जिला अनुश्रवण एवं मध्यान्ह भोजन समिति की बैठक संपन्न हुई।


जिलाधिकारी ने खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने अपने क्षेत्रों में नियमित स्कूलों का निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष धयान दिया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि स्कूल में बच्चों को सेल्फ डिफेंस, गुड टच-बैड टच जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर शिक्षा दें।

जिलाधिकारी ने सभी स्कूलों में मिशन शक्ति कार्यक्रम आयोजित कराए जाने और संचारी रोगों के प्रति बच्चों एवं अभिभावकों को जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षक ससमय स्कूल पहुंचे तथा बेसिक शिक्षा अधिकारी उपस्थिति की नियमित जांच और निगरानी सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को अधिकाधिक बच्चों के एनरोलमेंट हेतु निर्देशित किया। बच्चों की स्कूलों में उपस्थिति बढ़ाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 राधावल्लभ, जिला विकास अधिकारी गरिमा खरे, जिला बेसिक अधिकारी रतन कीर्ति, जिला कार्यक्रम अधिकारी बुद्धि मिश्रा, जिला विद्यालय निरीक्षक रविंद्र कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी धनंजय जायसवाल, सभी डी0सी0 सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# पूर्व मंत्री स्व0 दिनेश सिंह की मनायी गयी पुण्यतिथि

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**





**चिल्हियां/सिद्धार्थनगर**। विधानसभा क्षेत्र शोहरतगढ़ अन्तर्गत चिल्हियां के दिनेश नगर स्थित पूर्व प्रत्याशी विधानसभा शोहरतगढ़ उग्रसेन सिंह के आवास के बगल में मंगलवार को पूर्व मंत्री व विकास पुरुष स्व0 दिनेश सिंह की 16वीं पुण्यतिथि कार्यक्रम का आयोजन किया हुआ, जिसमें जनपद के दिग्गज सपाईयों सहित विधानसभा के सपाई, कार्यकर्ता व क्षेत्रवासियों ने उपस्थित होकर पूर्व मंत्री स्व0 दिनेश सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नम आखों से श्रद्धांजलि दी।

इस दौरान लोगों ने विकास पुरुष पूर्व मंत्री स्व0 दिनेश के द्वारा कराये गये विकास कार्यों को भी याद किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि दिनेश सिंह ने अपने पूरे जीवन काल में क्षेत्र की जनता के हितों के लिए संघर्ष करते रहे। क्षेत्र में पहली बार विकास की गंगा स्व0 दिनेश सिंह ने ही बहाई थी।

उन्होंने मंत्री कार्यकाल में तमाम सड़कें, पुल का निर्माण कराया और गांव-गांव बिजली पहुंचाई। क्षेत्र में विकास की गंगा बहाने वाले पूर्व मंत्री स्व0 दिनेश सिंह को विकास पुरुष का नाम जनता ने दिया। स्व0 दिनेश सिंह जीवन भर क्षेत्र की जनता के सुख-दुख में सदैव शामिल रहे। क्षेत्र का चहुंमुखी विकास कर वे क्षेत्र की जनता के हृदय सम्राट बन गये और अमर हो गये।

# गोवर्धन विद्यापीठ के छात्रों ने पदक विजेता बन कर जनपद का नाम रोशन किया



**मथुरा**। रिफाइनरी एम्पलाइज क्लब में दो दिवसीय 41 वीं डिस्ट्रिक्ट ताइक्वांडो प्रतियोगिता में गोवर्धन क्षेत्र में उत्कृष्ट शैक्षिक योग्यता प्रदान करने वाले गोवर्धन विद्यापीठ के छात्रों ने दो स्वर्ण पदक एवं नौ रजत पदक एवं आठ कांस्य पदक सहित उन्नीस कुल पदक जीते प्रतियोगिता में विभिन्न विधालयों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने ने प्रतिभाग किया। ताइक्वांडो कोच याशिका गौतम ब्लैक बेल्ट एवं टीम प्रबन्धक चांदनी ठुकराल ने बताया कि कुनाल छौंकर व गगन चौधरी ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। नित्यांश जोशी व आर्यन गुर्जर , गौरव, सिद्धांत, शिवानी कुमारी, पुनीत कुमार, अभिनव गौतम, राम चौधरी, चंद्रमोहन सोनी ने रजत प्राप्त किए। प्रतियोगिता में शशि गुर्जर, शौर्य कौशिक, कृष्णा योगी, प्रेम, तन्मय शर्मा, कृष्णा गुर्जर, कृष्णा योगी, कृष्णा ठाकुर, पंकज सिंह ने कांस्य पदक प्राप्त किए।इस अवसर पर उपस्थित विद्यालय की प्रधानाचार्या राधिका गौतम एवं प्रबंध निदेशक डॉ. राजेश गौतम व चेयरमैन संभव गौतम ने संयुक्त रुप से छात्र छात्राओं को इस अनूठी शानदार प्रदर्शन एवं उपलब्धियां हासिल करने पर विधालय परिवार की ओर से बधाई देते हुए छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# दुधारा थाने के नवागत प्रभारी निरीक्षक अरविन्द शर्मा ने मंगलवार को कार्यभार संभाला



**संतकबीरनगर**। नवागत थाना प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि वे शासन की मंशा और पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन में काम करेंगे। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता है। पीड़ितों की शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुलिसकर्मियों की गलतियों पर भी कार्रवाई होगी। कोई भी कानून व्यवस्था से खिलवाड़ नहीं कर सकता।

## ग्रह कलेश में फांसी लगा मौत को गले लगाया

**बुगरासी**। चौकी क्षेत्र के गांव जलालपुर में पत्नी से कहा सुनी होने पर पेड पर रस्सी बांधकर फांसी लगाकर मौत को गले लगाया। जानकारी के अनुसार जलालपुर निवासी रामेश्वर पुत्र दिवानसिह 50वर्ष की किसी बात को लेकर पत्नी से कहासुनी हो गई तो मंगलवार की सुबह उठकर शेरपुर गांव के रास्ते पर आम के बाग में जाकर पेड से रस्सी से फंदा बना लटक गया और मौत को गले लगा लिया। सूचना पाकर मौके पर पहुची बुगरासी पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

# मिशन शक्ति अभियान: महिलाओं-बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबरों, आत्मरक्षा की जानकारी दी



**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**सिद्धार्थनगर**। पुलिस अधीक्षक डॉ.अभिषेक महाजन के निर्देश पर बालिकाओं व महिलाओं के सुरक्षा को लेकर मिशन शक्ति फेस 5 के तहत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, साइबर अपराध सुरक्षा व एंटी रोमियो व शक्ति दीदी अभियान के तहत मंगलवार को थाना खेसरहा पुलिस टीम के द्वारा अभियान चलाया गया। थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र के नेतृत्व में कांस्टेबल अरुण कुमार पांडेय व अनिल कुमार यादव आदि ने थाना क्षेत्र के भेड़ौहा व ककरहिया में महिलाओं को जागरूक करने के साथ ही उन्हें सुरक्षा का एहसास कराया गया। साथ ही हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 112, 1076 , 1098, 108,102, 1930 साइबर हेल्प लाइन के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान मदरहना में करीब दर्जन भर व्यक्तियों से पूछताछ की। दो शोहदे से माफीनामा भरवाया गया और चेतावनी देकर छोड़ा गया।थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र ने बताया कि एंटी रोमियो चेकिंग के दौरान मदरहना में दो शोहदे से माफीनामा भरवाकर चेतावनी के साथ छोड़ा गया।

# वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मौलाना तौकीर की हुई पेशी, कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत बढ़ाई

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**





**बरेली**। शहर में हुए बवाल के मामले में आरोपी मौलाना तौकीर रजा की मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए सीजेएम अलका पांडेय की कोर्ट में पेशी हुई। तौकीर रजा फरुर्खाबाद की फतेहगढ़ जेल में बंद है। वहीं से वह वर्चुअल माध्यम से जुड़ा।

बरेली पुलिस ने उसे बवाल का मुख्य आरोपी बताया है। कोर्ट ने मौलाना तौकीर की 14 दिन की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी है। अब 28 अक्तूबर को अगली सुनवाई पर कोर्ट ने पेशी के आदेश दिए हैं। कोतवाली इंस्पेक्टर अमित पांडेय ने बताया है कि बवाल से संबंधित सभी मुकदमों में रिमांड मंजूर कर ली गई है। कोतवाली में दर्ज मुकदमे में मौलाना तौकीर को बवाल का मुख्य आरोपी बताया गया है। मौलाना अन्य 10 मुकदमों में साजिश रचने का आरोपी है। उधर, सीजेएम कोर्ट में तौकीर के करीबी नदीम, डॉ नफीस, नफीस का बेटा और अनीस सकलैनी को पेश किया गया। आपको बता दें कि बरेली में 26 सितंबर (शुक्रवार) को आई लव मोहम्मद के समर्थन में इत्तेहाद-ए-मिल्लत कौंसिल (आईएमसी) के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां के बुलावे पर भीड़ जुटी थी। मौलाना के नदारद रहने से भीड़ बेकाबू हो गई। पुलिस का दावा है कि भीड़ ने दुकानों और वाहनों में तोड़फोड़ की थी। बेकाबू भीड़ पर काबू पाने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा था। आंसू गैस के गोले दागे गए थे। पुलिस के मुताबिक बवाल में 22 पुलिसकर्मी घायल हुए थे। जिसके बाद बवाल के दिन ही शहर के अलग-अलग थानों में पुलिस ने 10 मुकदमे दर्ज किए थे। बाद में एक और मुकदमा लिखा गया। कोतवाली में दर्ज मुकदमे में मौलाना तौकीर को मुख्य आरोपी बनाया गया है। अन्य मुकदमों में साजिशकर्ता के तौर पर नाम शामिल है। बवाल के अगले दिन 27 सितंबर को पुलिस ने तौकीर रजा को गिरफ्तार किया था। सुरक्षा की दृष्टि से मौलाना तौकीर रजा को फतेहगढ़ जेल में रखा गया है। अब तक सौ से अधिक आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। इनमें मौलाना के कई करीबी भी शामिल हैं।

## गढ़खेत मोटर मार्ग से तल्ला मेजुलिया तक मोटर मार्ग निर्माण कार्य के लिए वित्तीय स्वीकृति

**बागेश्वर, गोविन्द मेहता**। विधायक बागेश्वर पार्वती दास के लगातार प्रयासों से प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी द्वारा बागेश्वर विधानसभा क्षेत्र के लिए राज्य योजना के अंतर्गत बागेश्वर में गढखेत मोटर मार्ग से तल्ला मेजुलिया तक मोटर मार्ग निर्माण कार्य के लिए वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। क्षेत्र के लोगों को स्थानीय विधायक द्वारा जल्द सड़क निर्माण का आश्वासन दिया गया था। जिसे स्वीकृति मिलने से गांव व क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है।क्षेत्रवासियों ने इसके लिए क्षेत्रीय विधायक पार्वती दास दर्जा मंत्री शिव सिंह बिष्ट सहित मुख्यमंत्री का आभार जताया है। मालूम हो कि क्षेत्र के ग्रामीण लम्बे समय से सड़क निर्माण की मांग कर रहे थे।जहां अब शासन से गढखेत मोटर मार्ग से तल्ला मेजुलिया तक मोटर मार्ग में 3. 2किमी.सड़क निर्माण हेतु 1,01,89000( एक करोड़ एक लाख नवासी हजार मात्र) की धनराशि स्वीकृत हुई है।

# मोहिनी कृष्ण दासी की संगीतमय कथा में भजनों पर झूमे भक्त

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/बलदेव**। खंदौली रोड स्थित टेढ़े-मेढ़े बाबा आश्रम, हथकौली परिसर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथा स्थल पर भक्तिभाव और श्रद्धा का अद्भुत वातावरण रहा।

कथा के परीक्षित श्री राम अवतार सिकरवार (रामू) एवं उनकी धर्मपत्नी ने व्यास गद्दी पर आरती उतारी। आरती के समय पूरा परिसर राधे-श्याम और हरि बोल के जयकारों से गूंज उठा।

कथावाचक वृंदावन परिक्रमा मार्ग निवासी सुश्री मोहिनी कृष्ण दासी ने कथा में शुकदेव जी द्वारा परीक्षित को सुनाई गई शुक्रताल की कथा का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने संगीत के साथ उस दिव्य प्रसंग को प्रस्तुत करते हुए भक्तों को ऐसा अनुभव कराया मानो स्वयं वे उस कालखंड में उपस्थित हों। कथा के दौरान मोहिनी कृष्णदासी ने भजनों के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण की अनंत लीलाओं का वर्णन किया। उनकी मधुर वाणी में भजनों से भावपूर्ण प्रस्तुति के दौरान श्रोतागण भावविभोर हो उठे।

इस अवसर पर गांव व आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ग्रामीण कथा श्रवण के लिए पहुंचे। श्रद्धालु भजन सुनते हुए झूम उठे और पूरा आश्रम भक्ति रस में डूबे। आयोजन में समस्त ग्रामीण श्रद्धा और उत्साह के साथ जुटे हुए हैं। आश्रम परिसर में संतों एवं श्रद्धालुओं की सेवा निरंतर की जा रही है। इससे पूर्व शनिवार को कथा का शुभारंभ हुआ था।

मोहिनी कृष्णदासी ने व्यास गद्दी का पूजन कर कथा का प्रारंभ किया था। आरंभ से पहले गांव में कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों महिलाएँ और पुरुष भजन-कीर्तन करते हुए निकले।

# बीएसए ने किया विकसित भारत कार्यक्रम का शुभारंभ



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा**। देश को आत्मनिर्भर बनाने के सपने को साकार करने की दिशा में विकसित भारत बिल्डाथॉन का विधिवत शुभारंभ केन्द्रीय मानव संसाधन मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान द्वारा नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में किया गया। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण बेसिक के विद्यालयों में छात्रों को दिखाया ? गया।

जनपद में कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए बेसिक शिक्षा अधिकारी रतन कीर्ति द्वारा नगर संसाधन केंद्र (यूआरसी) पर छात्रों को बिल्डाथॉन 2025 के बारे में बताया गया और इस दौरान बच्चों के साथ ही कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। बिल्डाथॉन कार्यक्रम ? की जानकारी देते हुए बीएसए द्वारा बताया गया कि बीएसए द्वारा बताया कि विकसित भारत में बिल्डाथॉन की शुरूआत 22 सितंबर 2025 को हो चुकी है। 23 सितंबर 2025 से 12 अक्टूबर तक शिक्षकों एवं बच्चों के पंजीकरण कराए गए हैं। उसके उपरांत इस कार्यक्रम की चार थीम वोकल फॉर लोकल, आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी और समृद्ध भारत पर प्रोजेक्ट कार्य बच्चों के द्वारा किए जाएंगे। उन प्रोजेक्ट कार्य को 31 अक्टूबर 2025 तक विकसित भारत बिल्डाथॉन पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। इस कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा विभाग के 6 से आठवीं तक संचालित विद्यालयों को शामिल किया गया है। मेंटर्स द्वारा शिक्षकों व बच्चों को सहयोग प्रदान करते हुए पोर्टल कोर्स व प्रोजेक्ट कराए जाएंगे।

# 1500 मीटर दौड़ में दुधारा की शाहिना खातून प्रथम

**वेलकम इंडिया/मुहम्मद अहमद**



**सेमरियावां (संतकबीरनगर)**। हीरालाल राम निवास इंटर कॉलेज खलीलाबाद में आयोजित तहसील स्तरीय एथलीट प्रतियोगिता में ए. एच. एग्री. इंटर कॉलेज दुधारा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। सीनियर बालिका वर्ग के 1500 मीटर दौड़ में शाहिना खातून ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। 200 जूनियर बालिका वर्ग में साबरीन खातून द्वितीय व शशीप्रिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

सीनियर बालिका वर्ग गोला क्षेपण में अनिशा को तृतीय स्थान, लंबी कूद में सबरीन खातून को तृतीय स्थान, डिस्कस थ्रो में अंजनी कुमारी को तृतीय स्थान, ऊंची कूद में अंजनी कुमारी को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। सीनियर बालक वर्ग जैवलिन थ्रो में आकाश गौतम को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। एथलीट प्रतियोगिता में दुधारा विद्यालय से शाहीन खातून, अंजुम, संजना, शशिप्रिया, अनीसा, अनीता, सोनल, प्रिंसी कुमारी, प्रीति कुमारी, उममेकुलसुम, अंजनी, काजल, काजल, खुशी, साबरीन खातून, शमीम, जियाउल मुस्तफा, अफसर, अब्दुल अहद, आकाश गौतम ने प्रतिभाग किया। टीम मैनेजर के रूप में कमरे आलम सिद्दीकी, जुबेर अहमद, अखिलेश कुमारी मौजूद रहे।

विजेता प्रतिभागियों को प्रधानाचार्य संजय द्विवेदी, मुहम्मद इश्तियाक अंसारी, फसीहुद्दीन, कमरे आलम सिद्दीकी, अब्दुस्सलाम, मुहम्मद शाहिद, जुबैर अहमद, मुहम्मद युनुस, औबेदुल्लाह, मुहम्मद परवेज अख्तर, ओजैर अहमद, सबीह अहमद, हकीमुल्लाह, असादुल्लाह, जुनैद अहमद, अखिलेश कुमारी, रफी अहमद, आरिफ अली ने बधाई दी है।

# कब्जा मुक्त काली की धर्मशाला की सफाई देख लोगों ने कैंट बोर्ड का किया धन्यवाद

**वेलकम इंडिया उज्जवल रस्तौगी**



**मेरठ**। कब्जा मुक्त काली की धर्मशाला में कैंट बोर्ड साफ-सफाई देख लोगों में खुशी का माहौल है लगभग 25 वर्षों से कांग्रेस नेता अवैध कब्जा किए बैठा था योगी सरकार में कैंट बोर्ड हरकत में आया और धर्म शाला पर कब्जा मुक्त की कड़ी कार्रवाई देखने को मिली।

बीते दिनों रजबन स्थित वार्ड नंबर सात रजबन स्थित धर्म शाला में सीईओ जाकिर हुसैन के निर्देश पर सफाई विभाग ने स्वच्छता अभियान के अंतर्गत कब्जा मुक्त काली की धर्मशाला में विशेष रूप से सफाई कराई गई। लोगों ने बताया कुछ शरारती तत्व धर्म शाला परिसर में जानबूझकर कुंडा व शराब की खाली बोतले फैंकते रहते हैं। धर्म शाला काफी समय से बंद पड़ी है तथा कुछ भू माफिया कि स्म के लोग इस पर कब्जे की फिराक में लगे हैं समय-समय पर साफ सफाई न होने के कारण लोग में असंतोष देखा जा रहा था लेकिन कैंट बोर्ड द्वारा की गई सफाई को देख लोगों के चेहरे खिल उठे और बोले- कैंट बोर्ड इस धर्म शाला का जीर्णोद्धार कर उचित व्यवस्था करें। उन्होंने बताया इस धर्मशाला पर एक कांग्रेसी नेता ने अपनी पार्टी के नाम पर दबंगई के बल पर पिछले लगभग 25 वर्षों से अवैध कब्जा किए हुए बैठा था। तथा तमाम असमाजिक गतिविधियों के कारण लोग अजीज आ चुके थे।

# एग्रीमेंट में नहीं फिर भी कैंट में अब दुकानों से भी तहबाजारी

**वेलकम इंडिया/उज्जवल रस्तौगी**



**मेरठ**। कैंट बोर्ड ने जो तहबाजारी का ठेका छोड़ा है उसमें साफ लिखा है कि केवल चलते फिरते हॉकरों से तहबाजारी की रसीद काटनी है। लेकिन ठेकेदारों के लोग अब कैंट इलाके में दुकानदारों से भी तहबाजारी की वसूली कर रहे हैं। यह वसूली पांच सौ , एक हजार व ढाई हजार रुपए तक की जा रही है। हैरानी तो इस बात की है कि यह ठेकेदारों के लोगों को इस वसूली में मदद करने का काम खुद कैंट बोर्ड रेवेन्यू सेक्शन का स्टाफ कर रहा है।

जबकि ऐसा नहीं होना चाहिए। नियमानुसार तहबाजारी का ठेकेदार केवल उतनी ही रकम की रसीदें कटवा सकता है जितनी रकम कैंट बोर्ड के साथ हुए उसके एग्रीमेंट में तय की गयी है, लेकिन मंगलवार को कैंट बोर्ड के ठेकेदार के एक शख्स के साथ रेवेन्यू सेक्शन के कर्मचारी घूम-घूम कर दुकानदारों की रसीदें काटवा रहे थे। इन्होंने कैंट बोर्ड के आसपास जितनी दुकानें है तथा चटाई वाले हैं उन सभी की रसीदें काटीं। नाम न छापे जाने की शर्त पर एक दुकानदार ने बताया कि आज ये लोग मेले के नाम पर तहबाजारी की रसीद काट कर गए हैं। इसकी एवजी में ढाई हजार रुपए लेकर गए। जब ठेकेदार के कारिंदे से कहा कि यहां तो मेला लगता ही नहीं और वो तो खुद दुकानदार हैं, उनकी दुकान कई पुश्तों से है तो बोर्ड के रेवेन्यू का जो स्टाफ साथ चल रहा था उन्होंने कहा कि यह रसीद कटवानी पड़ेगी।

साहब लोगों का आदेश है। साहब लोगों की भी तो दीपावली करानी है। इसी तरह से चटाई बनाने वालों का भी काम पुश्तैनी है। उनका घर दुकान एक ही जगह है, उनकी भी रसीद इतनी ही रकम की काटी गयी। कुछ ने इस संवाददाता को जो रसीद काटी गयी वो भी दिखाई। इस संबंध में रेवेन्यू सेक्शन हेड जोन से बात का प्रयास किया गया लेकिन कॉल रिसीव नहीं की गयी।

# जंगल में आधा दर्जन से अधिक गौवंशो के अवशेष मिले ,ग्रामीणों में आक्रोश

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** मुरादनगर थाना क्षेत्र के गांव जलालाबाद में मंगलवार की सुबह आधा दर्जन से अधिक गोवंशों के अवशेष मिलने की घटना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। इस बीच हिंदू संगठनो के पदाधिकारी व कार्यकताओं ने मौके पर पहुंचकर घंटो जमकर हंगामा किया और कानून व्यवस्था पर सवालिया निशान लगायें। आक्रोशित ग्रामीणों ने जाम भी लगाने का प्रयास किया। घटना स्थल पर एडिशनल सीपी आलोक प्रियदर्शी पहुंचे ओर जायजा लेने के बाद विशेष टीम का गठन कर शामिल आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी का आश्वासन दिया।

इस दौरान भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गया। गांव जलालाबाद के जंगल में मंगलवार सुबह ग्रामीणों ने जब गौवंशो के अवशेष पडे देखे। जिसकी सूचना पुलिस को दी। ग्रामीणों ने बताया कि करीब आठ पशुओं के अवशेष मिले हैं, जिनके सिर अलग पड़े हुए थे। यह घटना रात के समय अंजाम दी गई। इस घटना से आक्रोशित सैकड़ों ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और हंगामा शुरू कर दिया। उन्होंने मुरादनगर-जलालाबाद मार्ग पर जाम लगा दिया। इसके बाद मुरादनगर गंगनहर पुल पर जाम लगाने का प्रयास किया। प्रदर्शनकारियों ने गौवंश कहीं हत्या के आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और आरोपियों के एनकाउंटर की मांग की। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी अंकित चौहान, मोदीनगर थाना प्रभारी नरेश शर्मा भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। एसीपी मसूरी सर्किल लिपि नगायच के समक्ष ग्रामीणों संग हिंदू संगठनों हंगामा बढ़ गया।

ग्रामीणों का आरोप था कि गांव जलालाबाद में गोकशी की यह घटना पुलिस की मिलीभगत से हो रही है। उनका कहना है कि आठ पशुओं के अवशेष खेत में मिले हैं, जिससे साफ है कि यह कृत्य रात के अंधेरे में किया गया। इस बीच हिंदू युवा वाहिनी के निर्वतमान जिलाध्यक्ष आयुष त्यागी, बजरंग दल के निशांत त्यागी, गौरक्षा दल सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता पहुंच गये। हिंदू युवा वाहिनी के नेता आयुष त्यागी काकड़ा ने कहा कि इस तरह की घटना किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि जल्द से जल्द गोकशी करने वाले आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई न हुई तो बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा।

## खानपुर थाने पर सम्भ्रान्त व्यक्तियों के साथ की गयी शान्ति समिति की मीटिंग

**स्याना।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देशानुसार क्षेत्राधिकारी स्याना प्रखर पाण्डेय एवं उपजिलाधिकारी स्याना राजेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा आगामी पर्व दिवाली, भाईदूज, धनतेरस आदि के दृष्टिगत एवं मिशन शक्ति अभियान, एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से साइबर क्राइम से बचने के दृष्टिगत थाना खानपुर परिसर में क्षेत्र के सम्भ्रान्त व्यक्तियों के साथ शान्ति समिति की मीटिंग की गयी। मीटिंग में सभी को शासन के आदेशो-निर्देशों से अवगत कराया गया तथा आगामी त्यौहारों के सम्बन्ध में आयोजित होने वाले जुलूस शोभा यात्राओं को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु तथा आपसी भाईचारा और शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाये जाने की अपील की गयी। सोशल मीड़िया के दुरूपयोग एवं अफवाहों के संबंध में भी लोगो को सचेत जागरूक किया गया। इस अवसर पर एसडीओ बिजली विभाग सहित थाना प्रभारी खानपुर मौजूद रहे।

# जन समस्या को लेकर गांव अबूपुर में धरना , अनशन , पदयात्रा जारी

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** निर्वाण फाउंडेशन के तत्वावधान में चल रहा धरना आज अपने सत्रहवें दिन में प्रवेश कर गया, वहीं संस्थापक ईश्वर चंद्र का अनशन नौवें दिन भी जारी रहा। जनजागृति पदयात्रा के तीसरे दिन ग्राम सोंदा में पहुंची, जहाँ ग्रामीणों ने अपनी अनेक समस्याएं साझा कीं।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव में सफाई व्यवस्था अत्यंत कमजोर है, जगह-जगह जलभराव रहता है, जिससे मच्छरों और बीमारी का प्रकोप बढ़ रहा है। लोगों ने यह भी कहा कि जनप्रतिनिधि समस्याओं को सुनते नहीं, और प्रशासनिक अधिकारी गांव में शायद ही कभी आते हैं।सफाई कर्मचारियों की लापरवाही को लेकर लोगों में गहरा असंतोष देखा गया। उन्होंने बताया कि सफाई कर्मचारी न तो समय से आते हैं और न ही जनता की बात सुनते हैं। स्वास्थ्य खराब होने के कारण ईश्वर चंद्र स्वयं पूरे गांव में यात्रा नहीं निकाल पाए, फिर भी पदयात्रा के मुख्य उद्देश्य ह्लजनजागरण और प्रशासन तक सच्चाई पहुंचानाह्व के प्रति उनका संकल्प अडिग है। निर्वाण फाउंडेशन ने पुनः प्रशासन से अपील की है कि ग्रामीण क्षेत्रों की वास्तविक समस्याओं विशेषकर गंदगी, जलभराव और प्रशासनिक लापरवाही पर तत्काल संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करे। जयभगवान, प्रवीण कुमार, तेजपाल जाटव सीखेड़ा हजारी, ओमपाल सिंह, कृष्ण पाल, समर पाल सिंह, मनतेश, नेम चंद, फेरु, प्रशांत, बब्लू, गुड्डू, अभिषेक, प्रवीण, आदि लोग उपस्थित रहे।

# आरकेजीआईटी के कंप्यूटर साइंस विभाग में लघु अवधि कोर्स /संकाय विकास कार्यक्रम का शुभारंभ



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद (अनिल वशिष्ठ)।** राज कुमार गोयल प्रौद्योगिकी संस्थान (आरकेजीआईटी), गाजियाबाद के कंप्यूटर साइंस विभाग में परिणाम आधारित शिक्षा और शैक्षणिक कौशल विषय पर पाँच दिवसीय लघु अवधि कोर्स /संकाय विकास कार्यक्रम(एफडीपी) का शुभारंभ उत्साहपूर्वक किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान चंडीगढ़ के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है, जो 13 अक्टूबर से 17 अक्टूबर 2025 तक चलेगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों में परिणाम आधारित शिक्षा (ओबीई) की अवधारणा एवं आधुनिक शिक्षण पद्धतियों (शैक्षणिक कौशल) की समझ को गहराई से विकसित करना है, ताकि शिक्षण प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, परिणाम-उन्मुख और छात्र-केंद्रित बनाया जा सके।

कार्यक्रम का आयोजन डॉ. सचिन गोयल (विभागाध्यक्ष, कंप्यूटर साइंस विभाग) के मार्गदर्शन में किया जा रहा है तथा डॉ. वीना भारती (एसोसिएट प्रोफेसर) कार्यक्रम की समन्वयक हैं। कोर्स में विभिन्न तकनीकी एवं प्रबंधन संस्थानों से आए प्रतिभागी सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं।प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञ वक्ताओं द्वारा आधुनिक शैक्षणिक उपकरणों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर उपयोगी व्याख्यान दिए जाएंगे।

संस्थान के निदेशक प्रो. (डॉ.) बी. सी. शर्मा ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे शिक्षण उत्कृष्टता की दिशा में एक सार्थक पहल बताया। एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर प्रो. (डॉ.) डी. के. चौहान ने इस आयोजन के लिए कंप्यूटर साइंस विभाग, संकाय सदस्यों एवं समन्वयक टीम को बधाई दी।

## गंगागढ गांव में मगरमच्छ पहुंचने से मचा हड़कंप

**रामघाट/बुलंदशहर।** गंगागढ़ गांव में मगरमच्छ पहुंचने से गांव में मचा हड़कंप सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने पकड़वाकर हजारा नहर में छुड़वाया ग्रामीणों ने राहत की ली सांस। आपको बता दें थाना रामघाट क्षेत्र के गंगागढ़ गांव में रात्रि में एक मगरमच्छ आ गया जो गांव की नाली में पड़ा हुआ था ग्रामीणों द्वारा देखने पर गांव में हड़कंप मच गया इस मगरमच्छ को देखने वालों की काफी भीड़ एकत्र हो गई जिसकी सूचना 112 पीआरबी तथा रामघाट पुलिस को दी गई सूचना पाकर रामघाट थाने के एस आई आशीष कुमार तथा 112 की पुलिस मौके पर पहुंची गांव के अंकित कुमार यादव सहित ग्रामीणों की मदद से मगरमच्छ को पकड़वाकर बोरी में बंद कर रामघाट की हजारा नहर में छुड़वाया तब जाकर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

# आरकेजीआईटी में आईईईईई दिवस का सफल आयोजन

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद (अनिल वशिष्ठ)।** राजकुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, गाज़ियाबाद में आईईईई सप्ताह के अंतर्गत आईईईई दिवस 2025 का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर इंजीनियरिंग के छात्रों में तकनीकी नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करने पर बल दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ. अमित सिंघल (ब्रांच काउंसलर) ने छात्रों को आईईईई के उद्देश्य, सदस्यता के लाभों एवं इसके अंतरराष्ट्रीय नेटवर्किंग अवसरों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने छात्रों को ऐसे वैश्विक संगठनों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जिससे उनके तकनीकी और पेशेवर कौशल में वृद्धि हो सके।

इस दौरान आईईईई छात्र शाखा के वार्षिक न्यूज लेटर ह्लआईईईई आर्काइवह्व का विमोचन किया गया। इस अवसर पर डायरेक्टर डॉ. बी.सी. शर्मा ने भी विद्यार्थियों को आईईईई से जुड़कर अपने तकनीकी ज्ञान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विकसित करने के लिए प्रेरित किया। इसके उपरांत डॉ. आयुषी प्रकाश (एग्जीक्यूटिव कमिटी मेंबर, आईईईई यूपी सेक्शन) ने विद्यार्थियों को तकनीकी क्षेत्र में निरंतर सीखने, नवाचार को अपनाने और वैश्विक तकनीकी उत्कृष्टता की दिशा में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के संपन्न होने से पूर्व फैकल्टी कोऑर्डिनेटर एवं आईईईई सीनियर मेंबर डॉ. गगनजोत कौर एवं डॉ. विनीत श्रीवास्तव ने उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया तथा आईईईई छात्र शाखा के सभी सदस्यों के उत्साह और समर्पण की सराहना की।

आईईईई छात्र शाखा की टीम ने पूरे आयोजन का कुशलतापूर्वक संचालन किया। कार्यक्रम के समापन पर वाइस चेयरमैन अक्षत गोयल, ग्रुप एडवाइजर डॉ. लक्ष्मण प्रसाद, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. डी.के. चौहान, डायरेक्टर डॉ. बी.सी. शर्मा, डीन एकेडेमिक्स डॉ. आर.के. यादव एवं डॉ. अमित सिंघल (ब्रांच काउंसलर) ने ऐसे आयोजनों को छात्रों के समग्र विकास के लिए आवश्यक बताया और नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देने की सराहना की।

# स्व किशोर कुमार की पुण्यतिथि पर दी संगीतमय श्रद्धांजलि




वेलकम इंडिया महमूद रजा

**बिजनौर नगीना।** महान गायक अभिनेता स्व.किशोर कुमार को उनकी 38वीं पुण्यतिथि पर हलचल म्यूजिकल ग्रुप की और से आयोजित संगीतमय श्रद्धांजलि कार्यक्रम में कलाकारो ने किशोर दा के गीतों को गाकर अपनी श्रधांजलि अर्पित की।

सोमवार की शाम काशीनाथ मेमोरियल हॉल में आयोजित संगीतमय श्रधांजलि कार्यक्रम की शुरूआत हलचल म्यूजिकल सोसाइटी के पदाधिकारियों क्रमशः डॉ. अंजू बिश्नोई(अध्यक्ष)आशा माहेश्वरी, शीतल अग्रवाल(संरक्षक)स्वाति अग्रवाल (कोषाध्यक्ष) एवम वरिष्ठ अधिवक्ता अजय माहेश्वरी द्वारा किशोर कुमार के चित्र के समक्ष दीप जलाकर की गई।

संगीतमय कार्यक्रम की शुरूआत हलचल म्यूजिकल ग्रुप के डायरेक्टर सुशीलगुप्ता द्वारा गाये,किशोर दा के सदाबहार गीत 'किसी शायर की गजल ,ड्रीमगर्लर्, से हुई।इसके बाद ग्रुप के कलाकारों क्रमशः स्वाति अग्रवाल,एडवोकेट विशाल गुप्ता,शेनवाजआलम(बढ़ापुर),ईश्वर,बेगराज ,के.के.बिश्नोई, स्वाति गुप्ता,विशाल सैनी,कवि निशीथ गर्ग एडवोकेट ने किशोर कुमार के सुपरहिट गीतों को सुनाकर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

हलचल म्यूजिकल ग्रुप के डायरेक्टर सुशीलगुप्ता के निर्देशन में आयोजित संगीतमय श्रधांजलि कार्यक्रम का कुशल संचालन मशहूर हास्य कवि हुड़दंग नगीनवी ने किया।

# पुलिस कमिश्नर ने किया भोजपुर थाने का निरीक्षण, जनसुनवाई पर संतुष्टि जताई



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** गाजियाबाद के पुलिसायुक्त जे. रविंद गौड़ ने बीती रात भोजपुर थाने का निरीक्षण किया। लगभग एक घंटे के निरीक्षण के दौरान उन्होंने महिला हेल्प डेस्क, जनशिकायतों के निस्तारण की स्थिति, मिशन शक्ति केंद आदि की जांच पड़ताल की।

भोजपुर के थाना प्रभारी सचिन वालियान ने पुलिस आयुक्त को निरीक्षण के दौरान थाना संबंधी विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया। बताया जाता है कि पुलिस कमिश्नर को निरीक्षण के दौरान कोई विशेष कमी नजर नहीं आयी।

उन्होंने अधीनस्थों को महिला शिकायत कताओं से मानवीय व सम्मान जनक व्यवहार करने, महिलाओं की शिकायतों पर तत्काल व संतोषजनक कार्यवाही किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने थाने को सीसीटीवी कैमरों से लैस करने तथा शिकायतकताओं के लिए प्रतीक्षा कक्ष (वेटिंग हॉल) बनाने की भी हिदायत दी।

# त्यागी ब्राह्मण विकास समिति मोदीनगर की आम बैठक संपन्न, नई कार्यकारिणी का गठन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** त्यागी ब्राह्मण विकास समिति मोदीनगर की एक आम बैठक का आयोजन छाया पब्लिक स्कूल के प्रांगण में कार्यवाहक अध्यक्ष दयास्वरूप त्यागी की अध्यक्षता में किया गया, जिसका संचालन पूर्व अध्यक्ष नाथू सिंह त्यागी ने किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं वंदे मातरम् गीत से किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने समिति द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों पर प्रकाश डालते हुए समिति के पुनर्जागरण एवं संगठन को मजबूत बनाने पर विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि अब समय आ गया है कि वरिष्ठों के मार्गदर्शन में समिति की बागडोर युवा नेतृत्व को सौंपी जाए, ताकि संगठन में नई ऊर्जा और सक्रियता का संचार हो सके। बैठक में सर्वसम्मति से डॉ. अरुण त्यागी (प्रधानाचार्य) को समिति का अध्यक्ष, ललित त्यागी एडवोकेट एवं सभासद को सचिव तथा शिवकुमार त्यागी (संतपुरा) को कोषाध्यक्ष चुना गया।

इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष सत्येंद्र त्यागी, पूर्व अध्यक्ष रामकिशन त्यागी, कृष्ण कुमार त्यागी, देवेंद्र त्यागी, कुलदीप त्यागी, यतीश त्यागी, डॉ. अनुपम कांत त्यागी, निरंजन त्यागी, बालेश्वर त्यागी, विशेष त्यागी, प्रशांत त्यागी, मनोज त्यागी (पूर्व सभासद), अरुण त्यागी, जितेंद्र त्यागी (पूर्व प्रधान), अनिल त्यागी (भनेड़ा), वीरेंद्र त्यागी (मुकारी), सुलेख चंद त्यागी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# झोलाछाप नर्सिंग होम चालक ने एक और गर्भवती महिला की जान ली

वेलकम इंडिया महमूद रजा

**बिजनौर नगीना।** अवैध रूप से एमबीबीएस के लगे बोर्ड नर्सिंग होम पर जच्चा बच्चा की मौत का सिलसिला जारी है, बीती देर शाम मुदित नर्सिंग होम पर ऑपरेशन के चलते गर्भवती महिला की मौत होने पर परिजनों ने हंगामा किया, सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामाभर पर पीएम को भेजा। आरोपी झोलाछाप पति पत्नी चिकित्सक नर्सिंग होम से फरार । सूचना के बाद भी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी नहीं पहुंचे।

थाना क्षेत्र के ग्राम कस्बा कोटरा निवासी दलित कृष्ण कुमार ने अपनी पत्नी प्रीति 30 वर्ष को प्रसव करने के लिए बीते शनिवार को जिला अस्पताल ले गया था लेकिन वहां दो



ऑपरेशन होने के बाद तीसरा ऑपरेशन करने को तैयार नहीं थे कृष्ण अपनी पत्नी को वापस घर ले आया दर्द ज्यादा होने पर सोमवार की शाम 3 बजे कृष्ण अपनी पत्नी प्रीति को यहां नहटौर रोड इंडेन गैस गोदाम के ठीक सामने मुदित नर्सिंग होम एंड अल्ट्रासाउंड सेंटर पर ले गया जहां उसे भर्ती किया गया। नर्सिंग होम के संचालक रामेंद्र आरएस यादव ने परिजनों को ऑपरेशन करने का आश्वासन दिया जिस पर प्रत्येक कृष्ण कुमार विश्वास कर बैठा रविंद्र अपनी पत्नी वर्षा यादव के साथ प्रीति का ऑपरेशन करना शुरू कर दिया, प्रीति के दो ऑपरेशन से दो पुत्रियां पहले ही हो चुकी है, ऑपरेशन के चलते नवजात शिशु पुत्री तो हो गयी लेकिन ऑपरेशन के चलते ही जच्चा प्रीति के हालात बिगड़ने लगे, जिसको देखकर मुदित नर्सिंग होम का डायरेक्टर संचालक रामेंद्र यादव नर्सिंग होम संचालक आरएस यादव परिजनों और पुलिस प्रशासन से बचने के लिए आनंद फानन में अपने गाड़ी में डालकर नजीबाबाद के किसी बड़े नर्सिंग होम ले गया वहां भी उसे भर्ती नहीं किया गया इस बीच प्रीति ने दम तोड़ देने के बाद नर्सिंग होम संचालक अभी तक लौट कर अपने नर्सिंग होम नहीं पहुंचा। उधर देर रात 11 बजे मृतक का प्रीति का शव वापस नगीना पहुंचा और परिजनों और ग्रामीणों ने सबको मुदित नर्सिंग होम के सामने रख हंगामा किया लेकिन पहले से ही पुलिस बल के साथ मौजूद थाना प्रभारी अवनीत मान उत्तेजित ग्रामीणों और परिजनों रिश्तेदारों को यह कहते हुए की पुलिस आपके साथ है यदि तेरी देते हो तो मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी लेकिन कानून को अपने हाथ में मत लो परिजनों और उत्तेजित ग्रामीणों ने थाना प्रभारी की बात पर अमल करते हुए आरोपी नर्सिंग होम संचालक आरएस यादव समेत सभी दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की की पुरजोर मांग की जिस पर थाना प्रभारी ने रात 12 बजे ही पंचनामा भरवा कर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया।

नगीना बोकस। नगीना हाईवे पर दर्जन भर नर्सिंग होम और जच्चा बच्चा केंद्र अवैध रूप से आलीशान भावनाओं में चल रहे हैं जिनके पास ना डिग्री है ना अनुभव केवल स्वास्थ्य विभाग का खुला संरक्षण है जिनके बाल बोट पर यह यह झोलाछाप बिना किसी डर खोफ के जच्चा बच्चा के जीवन से खिलवाड़ नहीं बल्कि मौत के घाट उतार रहे हैं जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण अबे तू सच्चाल है जच्चा बच्चा और नर्सिंग होम पर जच्चा बच्चा की मौत होना है। नगीना बोकस नगर में हाईवे पर खुले और चल रहे अवैध रूप से नर्सिंग होम संचालको के नर्सिंग होमो पर ज्यादातर श्रीमती एसके सिंह एमबीबीएस के नाम के फ्लेक्सी बोर्ड लगे पाए जाते हैं। क्या एमबीबीएस चिकित्सक सभी नर्सिंग होम पर समय दे पाती हैं या फिर उनसे मासिक डिग्री किराया वसूल रही है। अब तक तो इन झोलाछाप नर्सिंग होम पर एमबीबीएस स्त्री रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों के नाम से बोर्ड लगा होता था लेकिन अब भारत सरकार द्वारा 5 लाख तक का इलाज फ्री आयुष्मान कार्ड योजना भारत सरकार का भी फ्लेक्सी बोर्ड लगे देखे जा रहे हैं। क्योंकि भारत सरकार की आयुष्मान योजना एमबीबीएस महिला चिकित्सक के नाम से लगे बोर्ड को दी जा रही है जिसका खुला दुरुपयोग हो रहा है।

# अवैध असलहा के साथ रील बनाने वाला युवक गिरफ्तार

**नरसेना।** अवैध असलहा के साथ रील बनाने वाला युवक गिरफ्तार युवक ने हाथ में तमंचा लेकर और खुद को आतंकवादी का हवाला देते हुए बनाई थी रील सोशल मीडिया पर वायरल करने वाला युवक का नाम अमन पुत्र सिराज नरसैना थाना क्षेत्र के गांव यूनूसपुर का रहने वाला बताया जा रहा है अगर तुम बदमाश हो तो किया हुआ हम भी वो हैं जिसे जमाना आतंकवादी कहता है नरसेना पुलिस ने युवक के पास एक तमंचा बरामद किया है।

# ठेकेदारों एवं बिल्डरों द्वारा नियोजन में पंजीकरण के उपरान्त ही श्रमिकों को कार्य पर रखा जाए : सौरभ भट्ट, अपर जिलाधिकारी

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद**। महात्मा गाँधी सभागार, कलैक्ट्रेट गाजियाबाद में जिला श्रम बन्धु समिति की बैठक जिलाधिकारी महोदय के निर्देशन पर श्री सौरभ भट्ट, अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। अध्यक्ष महोदय की अनुमति से उप श्रम आयुक्त, गाजियाबाद श्री अनुराग मिश्र द्वारा बैठक प्रारभ की गयी।

बैठक में नगर निगम, आवास विकास, लोक निर्माण विभाग आदि कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया गया कि उनके यहां निमार्णाधीन स्थलों पर ठेकेदारों के सहयोग से निर्माण स्थल पर कार्यरत निर्माण श्रमिकों का पंजीयन कराया जाये तथा सभी विभाग एवं कार्यदायी संस्थाएं यह भी सुनिश्चित करें कि ठेकेदारों एवं बिल्डरों द्वारा नियोजन में पंजीकरण के उपरान्त ही श्रमिकों को कार्य पर रखा जाए, ताकि निर्माण श्रमिकों को श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो सके। उप श्रम आयुक्त द्वारा आलोच्य वित्तीय माह में अब तक कुल 3930 अधिष्ठान पंजीयन एवं 3536 श्रमिक पंजीयन होने के संबंध में तथा उपकर पोर्टल पर आनलाइन फीडिंग किये जाने की प्रकिया एवं लक्ष्य के सापेक्ष 30 प्रतिशत उपकर संग्रहण करने के बारे में अवगत कराया गया, जिस पर अध्यक्ष महोदय द्वारा सभी सम्बन्धित विभागों एवं कार्यदायी संस्थाओं को ससमय उपकर संग्रहण किए जाने की सूचना श्रम विभाग को उपलब्ध कराये जाने एवं श्रम विभाग को निर्धारित लक्ष्य को ससमय पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में उपस्थित कार्यदायी संस्थाओं एवं औद्योगिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों से श्रमिक पंजीयन में आवश्यक सहयोग प्रदान किये जाने हेतु अनरोध किया गया, जिस पर अध्यक्ष महोदय द्वारा सभी सम्बन्धित विभागों व कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया गया कि वह अपने रजिस्टर्ड ठेकेदारों को बी०ओ०सी०डब्ल्यू० बोर्ड में निर्माण श्रमिकों की पंजीयन प्रक्रिया से अवगत कराये। यह भी अपेक्षा की गयी कि सभी कार्यदायी संस्थाएं अपने ठेकेदारों को निर्देशित कर शत-प्रतिशत निर्माण श्रमिकों का पंजीयन सुनिश्चित कराएं तथा उपकर की धनराशि को बोर्ड के खाते में ससमय जमा कराएं।

आलोच्य वित्तीय वर्ष में निमार्णाधीन स्थलों, लेबर अड्डों आदि पर लगाये गये श्रमिक पंजीयन शिविर के सम्बन्ध में भी बैठक में उपस्थित लोगों को अवगत कराया गया, जिस पर अध्यक्ष महोदय द्वारा विभागीय श्रमिक पंजीयन शिविर बढ़ाये जाने एवं कार्यदायी संस्थाओं को उक्त कार्य में सकारात्मक सहयोग के लिए निर्देशित किया गया। सभी विभाग / कार्यदायी संस्थाएं अपने निर्माणस्थलों पर श्रम विभाग की संचालित योजनाओं का बैनर / होर्डिंग लगाएं, जिससे व्यापक प्रचार-प्रसार से जनजागरूकता बढ़ायी जा सके। अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित लोगों को अवगत कराया गया कि श्रम विभाग द्वारा चलायी जा रही योजनाएं श्रमिकों के लिए अत्यन्त लाभकारी हैं, जिसका लाभ श्रमिक अपना पंजीयन कराये जाने के उपरांत ही प्राप्त कर सकता है। अध्यक्ष महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित सभी कार्यदायी संस्थाओं ट्रेड यूनियन एवं औद्योगिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों से अपील की गयी कि वह जनपद गाजियाबाद में कार्यरत निर्माण श्रमिकों का पंजीयन कराये जाने में श्रम विभाग को अधिक से अधिक सहयोग प्रदान करें। उक्त बैठक में श्री अयान जैन, आई०ए०एस० (प्रोवेशनर), श्री एस०पी० मिश्रा, मुख्य अभियन्ता, नंगर निगम गाजियाबाद, श्री पी०के० शर्मा, अधिशासी अभियन्ता, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, श्री एस०एस० भारद्वाज, अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, श्री अरूण प्रताप सिंह, अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम, श्री वीरेन्द्र कुमार सहायक श्रम आयुक्त, श्रीमती विनीता सिंह, सहायक श्रम आयुक्त, समस्त श्रम प्रवर्तन अधिकारी, गाजियाबाद, श्री अनिल गिरि, महामंत्री, हिन्द मजदूर सभा, श्री विजेन्द्र कुमार भारतीय मजदूर संघ व अन्य विभागीय अधिकारी, गाजियाबाद उपस्थित रहे।

# केंद्रीय मंत्री ने की फर्स्टवन रिहैब फाउंडेशन के बच्चों की तारीफ



वेलकम इंडिया

**नोएडा**। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने मंगलवार को फर्स्टवन रिहैब फाउंडेशन सेक्टर 70 का दौरा किया। उन्होंने फाउंडेशन के विशेष बच्चों द्वारा बनाए गए सुंदर दीये और मोमबत्तियाँ देखकर गहरा प्रशंसा व्यक्त की फाउंडेशन टीम के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। फाउंडेशन की सेंटर मैनेजर सुर्भी जैन ने बताया कि गतिविधि केवल एक व्यावसायिक प्रशिक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह बच्चों के लिएर खुशी तथा आत्म-अभिव्यक्ति का माध्यम भी है।

दीये और मोमबत्तियाँ बनाते समय बच्चे न केवल अपनी सूक्ष्म मोटर क्षमताओं को विकसित करते हैं, बल्कि उनमें सहयोग, धैर्य और आनंद की भावना भी पनपती है। डाक्टर महिपाल सिंह ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने और उनके भीतर आत्मनिर्भरता की भावना जगाने में सहायक होते हैं।

# मेरा युवा भारत, गाजियाबाद ने ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया




वेलकम इंडिया

मेरा युवा भारत गाजियाबाद, युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में आज डायमंड पब्लिक स्कूल एवं श्री राम यूनिवर्सल स्कूल, टीला शाहबाजपुर में ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमती गरिमा शर्मा, प्रधानाचार्य, डायमंड पब्लिक स्कूल द्वारा फीता काटकर किया गया।

कार्यक्रम की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए श्री देवेंद्र कुमार, उपनिदेशक, मेरा युवा भारत गाजियाबाद ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को खेलों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना, स्वस्थ जीवन शैली को अपनाना, स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और उनमें अनुशासन व खेल भावना का विकास करना है।

उन्होंने कहा – देहात और छोटे कस्बों में प्रतिभाओं की कमी नहीं होती, परंतु मंच न मिलने के कारण वे आगे नहीं बढ़ पाते। मेरा युवा भारत ऐसे युवाओं को अवसर देकर उनकी प्रतिभा को उजागर करने का कार्य कर रहा है। प्रतियोगिता में बालिकाओं के लिए समूह स्पर्धा में खो-खो, तथा एकल स्पर्धा में 200 मीटर, 100 मीटर दौड़ और बैडमिंटन शामिल किए गए। बालकों के लिए समूह स्पर्धा में वॉलीबॉल, और एकल स्पर्धा में 400 मीटर, 200 मीटर दौड़ एवं कुश्ती का आयोजन किया गया। बालिकाओं में 200 मीटर दौड़ः पायल प्रथम, सुरभि द्वितीय, सपना तृतीय तथा 100 मीटर दौड़ में ईशा म प्रथम, पायल द्वितीय, रिया तृतीय रही। खो-खो में डायमंड पब्लिक स्कूल की टीम प्रथम, हिंडन पब्लिक स्कूल की टीम द्वितीय स्थान पर रही। बैडमिंटन में आराध्या प्रथम, राखी कसाना द्वितीय, दिव्यानी राठी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालकों में 400 मीटर दौड़ में तुलसी प्रथम, वंश द्वितीय, हर्ष तृतीय एवं 200 मीटर दौड़ में वंश प्रथम, क्रिश द्वितीय, भारत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया वॉलीबॉल में निस्तौली की टीम प्रथम, डायमंड पब्लिक स्कूल की ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। खेलों के सफल संचालन में अंजू यादव, पवन कुमार, जितेंद्र कुमार, सीमा रानी, दुष्यंत शर्मा, अंजली दिवाकर, अंकित, राहुल, नागेंद्र ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही तालिब, कृष्णकांत, सनी, सुमित, अनूप, तुषार वर्मा आदि का सहयोग सराहनीय रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी विजेताओं को प्रमाणपत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल के सभी सदस्यों एवं स्वयंसेवकों को भी मेडल, प्रमाणपत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए।

# सीएमआईएस पोर्टल पर प्रदर्शित रू0 1 करोड से अधिक लागत की अपूर्ण परियोजनाओं की समीक्षा बैठक हुई

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। जिलाधिकारी महोदय के निर्देशन पर मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में सीएमआईएस पोर्टल पर प्रदर्शित रू0 1 करोड से अधिक लागत की अपूर्ण परियोजनाओं एवं न्यायालय/धनाभाव/ जमीनी विवाद एवं अन्य प्रकरणों में लम्बित परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आहूत हुई। बैठक के दौरान न्यायालय/धनाभाव / जमीनी विवाद एवं अन्य प्रकरणों में लम्बित परियोजनाओं की विभागवार समीक्षा हुई जिसमें पाया गया कि ऐसी 12 परियोजनाएं हैं जो पशुपालन विभाग, आयुष विभाग, उ०प्र० जल निगम (नगरीय), गृह एवं गोपन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, नगर पंचायत, स्वास्थ्य विभाग, माध्यमिक शिक्षा, नगर निगम व राजस्व विभाग से सम्बंधित थी, जिसके निराकरण हेतु विचार विमर्श किया गया।

उटकर पोर्टल पर प्रदर्शित रू0 1 करोड से अधिक लागत की परियोजनाओं में कुल परियोजनाओं की संख्या–320, पूर्ण परियोजनाओं की संख्या–159, अपूर्ण परियोजनाओं की संख्या–161 व माह अगस्त में विलम्बित परियोजनाओं की संख्या–25 हैं। यह परियोजनपाएं उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि०, उत्तर प्रदेश जल निगम (अरबन)-1, उत्तर प्रदेश जल निगम (अरबन)-2, उत्तर प्रदेश जल निगम (अरबन) गंगा जल ईकाई, उत्तर प्रदेश जल निगम (अरबन) बागपत, उ.प्र. राज्य सेतु निगम लि., उ० प्र० प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि०, उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद निर्माण इकाई, यू पी सिडको, सी० एण्ड डी० एस० यू-7, सी० एण्ड डी० एस० यू-31, सी० एण्ड डी० एस० व-45, उ0 प्र० पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि०, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, मंडी परिषद, उत्तर प्रदेश पुलिस आवास निगम लिमिटेड, नगर निगम गाजियाबाद, उ.प्र. राज्य निर्माण सहकारी संध लि. लखनऊ, (यू.पी.आर.एन.एस.एस.), ग्रामीण अभियंत्रण सेवा, उत्तर प्रदेश जल निगम (फवफअछ) की हैं। इसमें कुछ विभागों द्वारा अवगत कराया गया कि माह के अंत तक कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण हो जायेगा। अधिकतर विभागों द्वारा आश्वस्त किया गया कि कुछ पूर्व से लम्बित सहित कुछ और परियोजनाओं को छोड़ सभी परियोजनाओं का कार्य समयानुरूप चल रहा है।

# दीपावली से पहले अंधेरे को उजाले में बदलने की पहल, हाइमास्ट लाइट का हुआ लोकार्पण



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। कौशांबी वार्ड 72 की पार्षद कुसुम मनोज गोयल के अथक प्रयासों से वैशाली सेक्टर-1 स्थित नेस्कॉट्र्स लाइन के बीच बने दो पार्कों के मध्य हाईमास्ट लाइट का मंगलवार को शुभारंभ किया गया। क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही प्रकाश की समस्या का समाधान दीपावली से पूर्व होने पर स्थानीय नागरिकों में हर्ष की लहर देखी गई। हाईमास्ट लाइट का लोकार्पण समाजसेवी के. एल. शर्मा एवं डॉ. वीरेश गर्ग द्वारा नारियल फोड़कर किया गया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. मनोज गोयल द्वारा क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के नागरिकों की सुविधा के लिए निरंतर विकास कार्य कराए जा रहे हैं और वैशाली को आधुनिक सुविधाओं से युक्त एक स्वच्छ एवं सुरक्षित क्षेत्र बनाने का लक्ष्य पार्षद कुसुम गोयल द्वारा सफलतापूर्वक आगे बढ़ाया जा रहा है।

# रोटरी क्लब ऑफ गाज़ियाबाद साउथ में दीपावली उत्सव मनाया गया

वेलकम इंडिया





**गाजियाबाद**। रोटरी क्लब ऑफ गाज़ियाबाद साउथ एंड ने एलारा बैंक्वेट, वसुंधरा में दीपावली उत्सव बड़ी धूमधाम, आत्मीयता और सेवा-भावना के साथ मनाया। समारोह का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि डीजीई रोटेरियन अमित गुप्ता एवं रोटेरियन डॉ. स्वाति गुप्ता, तथा अतिथि सहायक गवर्नर रोटेरियन संजय अग्रवाल एवं रोटेरियन अंजू अग्रवाल के सानिध्य में दीप प्रज्वलन से हुआ। क्लब अध्यक्ष रोटेरियन प्रवीण अग्रवाल, सचिव डॉ. आलोक गोयल एवं कोषाध्यक्ष रोटेरियन अर्चना अग्रवाल ने मंच पर अतिथियों का स्वागत किया और सभी को दीप पर्व की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन क्लब फैसिलिटेटर रोटेरियन डॉ. नीरज गर्ग ने प्रभावशाली ढंग से किया। गायन, नृत्य, खेल और क्विज प्रतियोगिताओं ने शाम को उत्साह और उल्लास से भर दिया। विजेताओं को उपहार प्रदान किए गए तथा सभी सदस्यों को दीपावली उपहार स्वरूप स्नेह का प्रतीक दिया गया। स्वादिष्ट रात्रिभोज, पारिवारिक मिलन और स्नेहिल वातावरण ने इस दीपावली को यादगार बना दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में इवेंट चेयर रोटेरियन सिम्मी अग्रवाल, रोटेरियन अंशु कंसल एवं रोटेरियन रूपा गोयल का योगदान विशेष रूप से सराहनीय रहा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रोटेरियन प्रमोद चौधरी एवं रोटेरियन सुनीता चौधरी, रोटेरियन रामवीर सिंह एवं रोटेरियन डॉ. अर्चना सिंह, रोटेरियन अरुण अग्रवाल एवं रोटेरियन अर्चना अग्रवाल, रोटेरियन सुमित गर्ग एवं रोटेरियन रेनू गर्ग, रोटेरियन मुकेश गोयल (रेमंड्स) एवं रोटेरियन मीनाक्षी गोयल, रोटेरियन मुकेश गोयल (वीनस) एवं रोटेरियन मनीषा गोयल, रोटेरियन मनोज भारद्वाज एवं रोटेरियन जयश्री भारद्वाज, रोटेरियन निखिल गुप्ता एवं रोटेरियन आयुषी गुप्ता, रोटेरियन अजय गोयल (अलंकार) एवं रोटेरियन ज्योति गोयल, रोटेरियन डॉ. नीरज गर्ग एवं रोटेरियन डॉ. मंजू गर्ग, रोटेरियन जय कुमार अग्रवाल एवं रोटेरियन मीनू अग्रवाल, रोटेरियन अनुराग अग्रवाल एवं रोटेरियन ज्योति अग्रवाल, रोटेरियन राकेश गोयल एवं रोटेरियन रेनू गोयल, रोटेरियन गिरीश पुरी एवं रोटेरियन नीरू पुरी, रोटेरियन मनीष अग्रवाल एवं रोटेरियन स्वीटी अग्रवाल, रोटेरियन मोहिंदर सिंह एवं रोटेरियन रणवीर कौर, रोटेरियन मुनिश अग्रवाल, रोटेरियन एच. के. त्यागी एवं रोटेरियन भावना त्यागी, रोटेरियन ज्ञानेंद्र सिंह, रोटेरियन आदित्य गुप्ता एवं रोटेरियन मोक्षी गुप्ता, रोटेरियन निर्मल गोयल एवं रोटेरियन रूपा गोयल, रोटेरियन अजय मित्तल एवं रोटेरियन पुनिता मित्तल, रोटेरियन अनुज मित्तल एवं रोटेरियन अनु मित्तल, रोटेरियन नीरज गर्ग (उर्वशी) एवं रोटेरियन सीमा गर्ग, रोटेरियन राजीव कंसल एवं रोटेरियन आशु कंसल, रोटेरियन शिव कुमार गोयल एवं रोटेरियन नीलम गोयल, रोटेरियन पंकज गर्ग एवं रोटेरियन रुचि गर्ग, रोटेरियन अमित अग्रवाल एवं रोटेरियन सिम्मी अग्रवाल, रोटेरियन पंकज शर्मा एवं रोटेरियन पुष्पा शर्मा, रोटेरियन मोहित गोयल एवं रोटेरियन खुशबू गोयल, रोटेरियन सचिन गोयल एवं रोटेरियन प्रीति गोयल, रोटेरियन संदीप गुप्ता एवं रोटेरियन भावना गुप्ता, रोटेरियन राजेश चौहान, रोटेरियन प्रवीन अग्रवाल एवं रोटेरियन विनीता अग्रवाल व रोटेरियन डॉ. आलोक गोयल एवं रोटेरियन नीतू अग्रवाल ने शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# जीडीए ने शालीमार गार्डन के अवैध निर्माण को किया ध्वस्त

वेलकम इंडिया



**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद**। गाज़ियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अतुल वत्स के निर्देशन में प्रवर्तन जोन 8 के प्रभारी लवकेश ने शालीमार गार्डन के अवैध निर्माण पर बुलडोजर की कार्यवाही की।

भूखण्ड संख्या-एस-5, 6, 7 एवं 8 शालीमार गार्डन पर स्वीकृत मानचित्र से विलचन कर निर्मित किये गये अतिरिक्त तल के निर्माण को ध्वस्त करते हुए अनुपयोगी श्रेणी में कर दिया गया है। ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के समय स्थानीय निर्माणकताओं द्वारा काफी विरोध किया गया, परन्तु प्राधिकरण पुलिस बल द्वारा उन्हे नियन्त्रित कर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही जारी रखी गयी। स्थल पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के समय अधिशासी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता, समस्त सुपरवाईजर, प्राधिकरण पुलिस बल एवं थाना शालीमार गार्डन का पुलिस बल उपस्थित रहा।

# 69 वीं जनपदीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित

वेलकम इंडिया






**गाजियाबाद**। जिला विद्यालय निरीक्षक ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया कि 13 अक्टूबर 2025 को 69 वीं जनपदीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शुभारंभ एवं पुरस्कार वितरण महामाया स्टेडियम में मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल के कर कमलों द्वारा किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम आरंभ सुशीला इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा स्वागत गान करके किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन झंडा रोहण एवं उद्घोषणा करके किया गया। जनपद के सभी चार ब्लाक लोनी, मुरादनगर, मोदीनगर और गाजियाबाद टीम ने मार्च पास्ट के साथ किया। एथलेटिक्स कार्यक्रम के शुभारंभ में मुख्य अतिथि द्वारा 800 मीटर की अंडर 17 की दौड बालक वर्ग की, अंडर 17 बालिका वर्ग 800 मीटर की दौड़ का प्रारंभ किया गया। सभी प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा आशीर्वचन में सभी बच्चों को खेलों का महत्व के बारे में बताया गया और कार्यक्रम को हम और भी सुंदर कैसे कर सकते हैं इस संबंध में दिशा निर्देश प्रदान किए गए। 69वीं जनपदीय एथलेटिक्स कार्यक्रम का आयोजन सनातन धर्म इंटर कॉलेज गाजियाबाद द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अंडर 19 (छात्र) विजेताः- 1- अतुल मोदीनगर, 2- अभिषेक मोदीनगर, उ-प्रदीप गाण्बाद, अंडर 19 (छात्रा) विजेताः-1- मानसी मोदीनगर, 2- तन्नु मोदीनगर, 3- गरिमा मोदीनगर, अंडर 19 (छात्र) विजेताः- 1- देवांश गा०बाद० 2-कर्ण मोदीनगर 3- अर्पित मोदीनगर व अंडर 17 (छात्रा) विजेताः- 1- ईशा लोनी 2- साक्षी मुरादनगर 3- सोनिया गा०बाद विजेता रहे। इस कार्यक्रम में सह जिला विद्यालय निरीक्षक श्री सतीश कुमार पाण्डेय, श्री विकास कुमार सिंह प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज त्योड़ी, श्री गोविंद सिंह प्रधानाचार्य सनातन धर्म इंटर कॉलेज एवं संयोजक उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन श्रीमती तनुजा शर्मा एवं श्रीमती शीतल द्वारा किया गया। जनपद के सभी खेल शिक्षक श्री विक्रम कुमार सिंह, संजीव कुमार शर्मा, सरिता यादव इत्यादि उपस्थित रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम सुशीला बालिका इंटर कॉलेज गाजियाबाद, गुरु नानक कन्या इंटर कॉलेज गाजियाबाद, नगर निगम पालिका इंटर कॉलेज चंद्रपुरी की बालिकाओं द्वारा किया गया। सर छोटू राम कन्या इंटर कॉलेज दुहाई की बालिकाओं द्वारा बैण्ड प्रस्तुति दी गई।